सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल


वर्षः 11 अंकः 18 | मूल्यः 4 रुपए | RAJHIN/2016/70516 | जयपुर शनिवार, 18 जुलाई 2026 | Bhilwara/171/2026-2028 | पृष्ठः 08

एक नजर



### राजस्थान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में 110 प्रभारियों की नियुक्ति, चुनावों में दो-तिहाई बहुमत का दावा

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने आगामी स्थानीय निकाय और पंचायती राज चुनावों से ठीक पहले अपने संगठन को जमीनी स्तर पर बेहद मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए एक बड़ा दांव खेला है। एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार, प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चोपदार ने पूरे राज्य में संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी और जिला सह-प्रभारियों की नियुक्तियों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चोपदार ने संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर नियुक्तियों का विवरण साझा किया।



### स्काईरूट का विक्रम-1 पीएम मोदी का हाथ से लिखा वंदे मातरम पोस्टकार्ड ले जाएगा

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्राइवेट स्पेस स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ से लिखा पोस्टकार्ड, जिस पर वंदे मातरम लिखा है, 18 जुलाई को कंपनी की विक्रम-1 टेस्ट फ्लाइट-1 के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। प्राइवेट स्पेस स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ से लिखा पोस्टकार्ड, जिस पर वंदे मातरम लिखा है, 18 जुलाई को कंपनी की विक्रम-1 टेस्ट फ्लाइट-1 के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में स्काईरूट एयरोस्पेस ने कहा कि इस मिशन में ले जाए जाने वाले खास पेलोड में पीएम मोदी का हाथ से लिखा संदेश भी शामिल होगा।



### केंद्रीय मंत्री सिंधिया का बड़ा ऐलान, 2592 युवाओं को मिलेगी नौकरी

अशोकनगर(एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर को रोजगार का बड़ा केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि जिले में 2,592 युवाओं को 20,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह तक के रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए चल रही कॉल सेंटर परियोजना का विस्तार किया जाएगा और दूसरे चरण में करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से 2,000 सीटों वाला अत्याधुनिक कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा। सिंधिया ने कहा कि अशोकनगर में विकसित हो रहा यह कॉल सेंटर प्रदेश में लखपति युवा मॉडल को नई गति देगा और स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार मिलने से पलायन भी रुकेगा।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के 75 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का किया लोकार्पण

# राजस्थान को गोटन समेत 8 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों की मिली सौगात

## अमृत स्टेशनों से विकसित राजस्थान के संकल्प को मिलेगी नई गतिःमुख्यमंत्री

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेल कनेक्टिविटी का हो रहा अभूतपूर्व विस्तार
- राजस्थान को मिला 10 हजार 228 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट
- रेलवे बन रहा आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला
- प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से मुख्यमंत्री नागौर के गोटन से वर्चुअली जुड़े







नागौर/जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पंजाब के जालंधर से देशभर के 75 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित किया। 20 राज्यों के इन पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में राजस्थान के 8 अमृत स्टेशन गोटन, डीग, सोमेसर, दौसा, खैरथल, बाड़मेर, जैसलमेर और गंगापुर सिटी भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नागौर के गोटन रेलवे स्टेशन से वीसी के जरिए प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़े और उनका संबोधन सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में रेलवे की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्ष 2014 के बाद भारतीय रेलवे में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं, जिससे देश की प्रगति, विकास और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला बनी है। प्रधानमंत्री के कर कमलों से प्रदेश को आज 8 अमृत स्टेशनों की सौगात मिली है। ये अमृत स्टेशन विकसित राजस्थान के संकल्प को गति देने में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वस्तरीय एवं आधुनिक रेलवे स्टेशन तथा सुरक्षित और सुविधाजनक सेवाओं के संकल्प के साथ रेलवे के बुनियादी ढांचे का व्यापक आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं तथा रेल कनेक्टिविटी का निरंतर विस्तार हो रहा है।

**वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत ट्रेनें आधुनिकता की 'त्रिवेणी'**

उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें गति और आधुनिकता के नए मानक स्थापित कर रही हैं। नमो भारत रैपिड रेल शहरी कनेक्टिविटी को नई दिशा दे रही है तथा अमृत भारत ट्रेनें आम यात्रियों को बेहतर और किफायती यात्रा सुविधा प्रदान कर रही हैं। इसी तरह भारत गौरव ट्रेनें हमारी सांस्कृतिक विरासत को देश के विभिन्न भागों से जोड़ रही है। रेलवे विद्युतीकरण भारत को हरित परिवहन की दिशा में आगे बढ़ा रहा है



तथा नए रेल मार्ग, आधुनिक स्टेशन और अत्याधुनिक टर्मिनल देश की आर्थिक प्रगति को गति दे रहे हैं।

**राजस्थान के लिए बजट बढ़कर हुआ 15 गुना**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में राजस्थान को रेलवे की ऐतिहासिक सौगातें मिल रही हैं। वर्ष 2009 से 2014 के दौरान राजस्थान को रेलवे के लिए 682 करोड़ रुपये का बजट मिलता था, जो वर्ष 2026-27 में बढ़कर 10 हजार 228 करोड़ रुपये हो गया है। वर्तमान में प्रदेश में 76 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक के रेलवे कार्य प्रगति पर हैं।

**प्रदेश में 5 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं, 85 स्टेशनों का हो रहा विकास**

उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्थान में 5 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं संचालित हो रही हैं तथा वर्ष 2014 से अब तक लगभग 3 हजार 900 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का निर्माण किया गया है। इसी तरह 4 हजार 623 करोड़ रुपये की लागत से 85 स्टेशनों का विकास किया जा रहा है, जिनमें से कई स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि गत माह में जयपुर से दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस सेवा प्रारम्भ की गई तथा 205 करोड़ रुपये की लागत से खातीपुरा में विकसित मेगा कोचिंग टर्मिनल का शुभारम्भ किया गया। इससे वंदे भारत सहित विभिन्न प्रकार की ट्रेनों का रखरखाव एक ही स्थान पर किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर राजस्थान की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बन रहा है। प्रदेश में 567 रूट किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर पर लगभग 14 हजार 700 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। शक्ति कार्गो टर्मिनल योजना के अंतर्गत अनेक टर्मिनल स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को विकसित राजस्थान के माध्यम से साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार पानी, बिजली, सड़क, रेलवे से लेकर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयां प्रदान कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि गोटन अमृत स्टेशन पूरे नागौर क्षेत्र के लिए विकास का नया केंद्र बनेगा।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, राज्य किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी, विधायक लक्ष्मण राम कलरू, रेवंत राम डांगा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, रेलवे के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेशः जिला न्यायालय परिसर, मेड़ता में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

मेड़तासिटी।राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशन एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता श्रीमती तारा अग्रवाल (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर, मेड़ता में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष तारा अग्रवाल एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता संजय कुमार मालवीय द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मधुसूदन रॉय न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, सीमा मेवाड़ा, विशिष्ट न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट प्रकरण), दीप्ति श्रीवास्तव, अपर सत्र न्यायाधीश, सुनीता अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अभिलाष कल्ला, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजनंदिनी जोधा, न्यायिक मजिस्ट्रेट, बलराम बेड़ा, मुख्य न्यायरक्षक, चंद्र प्रकाश सोनी एवं श्री परीक्षित सिखवाल, सहायक न्यायरक्षक पूरखाराम भंवरिया अध्यक्ष बार संघ, अजय कुमार जावा उपाध्यक्ष बार संघ, जगदीश सारस्वत, महेंद्र सिंह चौधरी, राजेंद्र शर्मा अधिवक्तागण,



वनपाल रामजीवन, वनरक्षक चैनाराम व छोटूराम एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में ही सहायक नहीं हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का आधार भी हैं। सभी उपस्थितजनों से पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों के नियमित संरक्षण एवं संवर्धन का भी आह्वान किया गया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## हाईकोर्ट ने कहा- एक समय में एक पुलिसकर्मी दो-जगह कैसे?

**यह मानवीय रूप से संभव नहीं; एनडीपीएस मामले में दोषी की सजा को किया सस्पेंड**

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने नशीली दवाओं के स्टॉक रखने के मामले में दोषी ठहराए गए व्यक्ति की सजा सस्पेंड करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। जस्टिस अनिल उपमन की कोर्ट ने कहा- पूरे मामले में जिस कॉन्स्टेबल की सूचना पर कार्रवाई करना बताया गया है, वह कार्रवाई के समय घटना स्थल पर मौजूद था। वहीं उसी कॉन्स्टेबल को ठीक उसी समय दूसरी जगह हुई कार्रवाई में भी उपस्थित होना पाया गया है।

## चेक अनादरण (बाउंस) से संबंधित विवादों के त्वरित समाधान हेतु आज विशेष लोक अदालत

मेड़ता सिटी।मेड़ता न्यायक्षेत्र में 6 बेंचों का गठन, आपसी समझौते से होगा प्रकरणों का निस्तारण राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्रीमती तारा अग्रवाल, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के मार्गदर्शन में दिनांक 18 जुलाई 2026 को मध्यान्ह पश्चात मेड़ता न्यायक्षेत्र में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. एक्ट) के अंतर्गत चेक अनादरण (Cheque Bounce) से संबंधित लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता के सचिव श्री संजय कुमार मालवीय ने बताया कि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा जारी किया गया चेक बैंक से अपर्याप्त राशि, खाते के बंद होने अथवा अन्य वैधानिक कारणों से अनादरित (बाउंस) हो जाने पर उत्पन्न होने वाले विवाद धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत आते हैं। ऐसे मामलों के त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के उद्देश्य से इस विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष लोक अदालत के सफल संचालन हेतु सम्पूर्ण मेड़ता न्यायक्षेत्र में कुल 6 बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत में पक्षकार आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर अपने विवादों का शीघ्र निस्तारण करवा सकते हैं, जिससे समय, धन एवं अनावश्यक न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है तथा दोनों पक्षों के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंध भी बने रहते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता ने चेक अनादरण (Cheque Bounce) से संबंधित लंबित अथवा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के सभी पक्षकारों से विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर समझौते के माध्यम से अपने प्रकरणों का निस्तारण करवाने एवं इस वैकल्पिक विवाद निस्तारण व्यवस्था का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है।

### सफाई अभियान के तीसरे चरण में 50 किलो ब्लिचिंग पाउडर जल मन्दिर बम्ब बावड़ी में डाला

मेड़ता सिटी।मीरा तैराकी संघ परिवार हर वर्ष स्वस्थ भारत अभियान में अपनी भूमिका अलग-अलग तरीके से अलग-अलग शेत्र में निभाता आ रहा है! जल मन्दिर बम्ब बावड़ी में दिनांक 24 मई रविवार को 100 किलो फिटकरी घोली गई थी उसके बाद आज दिनांक 9 जुलाई गुरुवार को 100 फिटकरी एक बार और घोली गई इस अवसर पर आज फिर 50 किलो ब्लिचिंग पाउडर जल मन्दिर बम्ब बावड़ी के 40 फ़ीट गहरे



पानी में मीरा तैराकी संघ परिवार के 10 सदस्यों ने एक योजना बनाकर कार्य किया गया! इस सीजन में 200 किलो फिटकरी व 50 किलो ब्लिचिंग पाउडर जल मन्दिर बम्ब बावड़ी में पानी को साफ रखने के लिए डाला गया है इस पुनीत कार्य में राजकुमार दैया शिव सिंह जी राठौड़ शिव प्रसाद जांगिड़ मनोज जी सोनी बुटाटी हितेश सोनी श्रीकांत जी सोनी मनोज जी सोनी जायल दीपक जी सोनी राम शर्मा निषा शर्मा हरीराम जी माली उपस्थित रहे!

एसएमएस अस्पताल

## ट्रेन की चपेट में आने से रेलवे ऑफिसर की मौत


जयपुर। जयपुर के जगतपुरा रेलवे फाटक पर गुरुवार रात 8:45 बजे ट्रेन की चपेट में आने से उत्तर पश्चिम रेलवे के ऑफिस सुपरिटेंडेंट की मौत हो गई। खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे, इस दौरान अचानक जयपुर जंक्शन की तरफ से दौलतपुर एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। हादसे के बाद जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर एसएमएस अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवाया, जहां शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। जीआरपी के एएसआई जगदीश ने बताया कि मृतक की पहचान अशोक चौधरी (48) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से सीकर जिले के दूजोद गांव के निवासी थे और उत्तर पश्चिम रेलवे में ऑफिस सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में वह अपनी पत्नी के साथ जगतपुरा रेलवे फाटक के सामने स्थित रेलवे क्वार्टर में रह रहे थे।

सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति | आरजीएचएस में अनियमितताओं पर सरकार का कड़ा एक्शन

## तीन माह में 51 अस्पताल निलंबित, एक माह में 24 अस्पतालों पर 3 करोड़ रु. का जुर्माना

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लगातार कठोर कदम उठा रही है। आरजीएचएस योजना में किसी भी प्रकार की वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितता के प्रति सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए बीते तीन माह में 51 संबद्ध अस्पतालों को योजना से निलंबित किया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि वित्त का दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और फर्जी क्लेम किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति पर काम करते हुए चिकित्सा विभाग ने आरजीएचएस योजना को लगातार सुदृढ़ किया है और अनियमितताएं करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की है। इसी क्रम में, गत एक माह के दौरान ऑडिट के आधार पर 24 संबद्ध अस्पतालों के विरुद्ध भी बड़ी कार्रवाई करते हुए उन पर करीब 3 करोड़ रूपए का जुर्माना लगाया गया है। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. निधि पटेल द्वारा प्रत्येक मामले में अस्पतालों की विस्तृत सुनवाई की और प्रस्तुत अभिलेखों, उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों का गहन परीक्षण करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया।

**ये अनियमितताएं पाई गईंः** राठौड़ ने बताया कि ऑडिट एवं जांच के दौरान कई गंभीर वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितताएं



सामने आईं। इनमें दस्तावेजों की डुप्लीकेसी, आवश्यकता से अधिक जांचें कराना, अधिक भुगतान प्राप्त करने के उद्देश्य से एक ही पैकेज में सम्मिलित सेवाओं एवं प्रक्रियाओं को अलग-अलग दर्शाकर क्लेम प्रस्तुत करना, आवश्यक दस्तावेजों का अभाव तथा ओपीडी मरीजों को अनुचित रूप से आईपीडी में परिवर्तित कर क्लेम प्रस्तुत करना जैसी गंभीर अनियमितताएं शामिल हैं।

### दावा- बीएलए ने पाकिस्तान के 45 सैनिकों को मारा

बलूचिस्तान(एजेंसी)। लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उसने मस्तंग जिले में पाकिस्तान सेना के एक काफिले पर हमला किया है। इस हमले में 45 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर है, जबकि दर्जनों जवान घायल हुए हैं। यह घटना गुरुवार को क्वेटा-कराची हाइवे पर खदकुचा के पास हुई। पाकिस्तान सेना ने बस काफिले पर हमले की पुष्टि की है, लेकिन हताहत हुए जवानों की संख्या पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी

# समय से पहले नजर आई सावन की डोकरी,बदलते पर्यावरण की दस्तक!

## नूर बाग में 15-20 दिन पहले दिखाई दिया लाल मखमली जीव, जीव दया सेवा समिति ने जताई चिंताय वैज्ञानिकों ने बताया मिट्टी, नमी और तापमान के बदलते समीकरण का असर

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा-मूलचन्द पेसवानी** प्रकृति जब अपने तय समय से पहले संकेत देने लगे तो यह केवल एक संयोग नहीं, बल्कि पर्यावरण के बदलते मिजाज का गंभीर संदेश भी हो सकता है। शाहपुरा के ऐतिहासिक नूर बाग क्षेत्र में इस वर्ष बरसात के मौसम में दिखाई देने वाला लाल मखमली जीव ष्सावन की डोकरीष् (रेड वेलवेट माइट) सावन शुरू होने से लगभग 15 से 20 दिन पहले ही नजर आने लगा है। वर्षों से ग्रामीण अंचलों में इस जीव को अच्छी वर्षा और मौसम की अनुकूलता का शुभ संकेत माना जाता रहा है, लेकिन इस बार इसका समय से पहले प्रकट होना पर्यावरण विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों के लिए चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीण संस्कृति और लोक मान्यताओं में सावन की डोकरी का विशेष स्थान है। खेतों और बाग-बगीचों में जैसे ही यह चमकीले लाल रंग का मखमली जीव दिखाई देता है, किसानों के चेहरे खिल उठते हैं। मान्यता है कि इसका प्रकट होना अच्छी बारिश और समृद्ध फसल का संदेश लेकर आता है। हालांकि आधुनिक विज्ञान इस मान्यता को अलग दृष्टि से देखता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि रेड वेलवेट माइट का बाहर



निकलना मुख्य रूप से मिट्टी की नमी, तापमान, आर्द्रता और प्रारंभिक वर्षा पर निर्भर करता है। यदि मानसून पूर्व बारिश, वातावरण में नमी और मिट्टी का तापमान अनुकूल हो जाए तो यह जीव सामान्य समय से पहले भी बाहर आ सकता है। जीव दया सेवा समिति के संयोजक एवं पर्यावरण प्रेमी अतू खां कायमखानी ने इस घटनाक्रम को प्रकृति के बदलते स्वरूप का संकेत बताते हुए चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का पारंपरिक चक्र लगातार प्रभावित हो रहा है। कभी बारिश समय से पहले हो जाती है तो कभी लंबे समय तक सूखा पड़ता है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, प्रदूषण, भूजल स्तर में गिरावट तथा रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग ने प्राकृतिक संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। यही कारण है कि अब अनेक जीव-जंतुओं और कीटों के प्रकट होने का प्राकृतिक समय भी बदलता दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि जीव दया सेवा समिति केवल वन्य जीवों के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में प्रकृति, पर्यावरण और जैव विविधता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का भी निरंतर प्रयास कर रही है। उनका कहना है कि छोटे-छोटे जीव भले ही आम लोगों की नजर में महत्वहीन प्रतीत होते हों, लेकिन वास्तव में यही जीव प्रकृति के विशाल पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूत कड़ी होते हैं। यदि इनकी संख्या कम होती है या इनके जीवन चक्र में बदलाव आता है तो उसका असर पूरे पर्यावरण पर दिखाई देता है। कायमखानी ने बताया कि सावन की डोकरी केवल देखने में आकर्षक नहीं होती, बल्कि यह प्रकृति की एक महत्वपूर्ण सहयोगी भी है। इसका लाल मखमली शरीर लोगों का ध्यान सहज ही आकर्षित कर लेता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे शुभ माना जाता है और बच्चे-बूढ़े सभी उत्सुकता से इसे देखने निकल पड़ते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि यह जीव मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने और प्राकृतिक संतुलन कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से रेड वेलवेट माइट को प्रकृति का छोटा सफाईकर्मी भी कहा जाता है। यह मिट्टी में रहने वाले कई हानिकारक छोटे कीटों, उनके अंडों तथा अन्य सूक्ष्म जीवों को खाकर उनकी संख्या नियंत्रित करता है। इससे खेतों और प्राकृतिक वनस्पतियों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है तथा जैविक संतुलन बना रहता है। इसकी मौजूदगी इस बात का भी संकेत मानी जाती है कि मिट्टी अभी भी जीवंत है और उसमें पर्याप्त जैव विविधता मौजूद है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी क्षेत्र में रेड वेलवेट माइट बड़ी संख्या में दिखाई दे रही है तो इसका अर्थ यह भी हो सकता है कि वहां की मिट्टी में जैविक पदार्थ, नमी और सूक्ष्म जीवों की सक्रियता अच्छी है। लेकिन यदि यह जीव अपने सामान्य समय से पहले या असामान्य मौसम में दिखाई देने लगे तो इसे बदलते पर्यावरणीय पैटर्न के संकेत के रूप में भी देखा जाता है। लगातार बढ़ते वैश्विक तापमान और मानसूनी चक्र में हो रहे बदलावों के कारण अनेक जीवों के जीवन चक्र प्रभावित हो रहे हैं। पक्षियों के प्रवास का समय बदल रहा है, पेड़-पौधों में समय से पहले फूल आने लगे हैं और अब ऐसे छोटे जीवों के व्यवहार में भी परिवर्तन दर्ज किए जा रहे हैं। अतू खां कायमखानी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे दुर्लभ एवं उपयोगी जीवों को नुकसान न पहुंचाएं। कई बार लोग अज्ञानता में इन्हें हानिकारक समझकर कुचल देते हैं, जबकि वास्तव में यह प्रकृति के मित्र हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों का संरक्षण, अधिकाधिक पौधारोपण, जल स्रोतों का संरक्षण तथा रासायनिक कीटनाशकों के सीमित एवं संतुलित उपयोग से ही प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखा जा सकता है। यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में ऐसे अनेक प्राकृतिक संकेत और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। आधुनिक कृषि पद्धतियों के साथ जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए तथा लोगों को यह समझाया जाए कि प्रकृति का प्रत्येक जीव किसी न किसी रूप में मानव जीवन से जुड़ा हुआ है। एक छोटे से जीव का अस्तित्व भी पूरी पारिस्थितिकी व्यवस्था के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी बड़े वन्य जीव का। नूर बाग में समय से पहले दिखाई दी ष्सावन की डोकरीष् ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि प्रकृति अपने संकेत समय-समय पर देती रहती है। आवश्यकता केवल उन्हें समझने और उनसे सीख लेने की है। यदि हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग नहीं हुए तो आने वाले वर्षों में मौसम के पारंपरिक स्वरूप, जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन में और भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। फिलहाल शाहपुरा में इस लाल मखमली जीव की समयपूर्व दस्तक चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीण इसे शुभ संकेत मान रहे हैं तो पर्यावरणविद इसे प्रकृति की चेतावनी के रूप में देख रहे हैं। परंपरागत मान्यताओं और वैज्ञानिक तथ्यों के बीच एक बात स्पष्ट हैकृप्रकृति का हर छोटा-बड़ा जीव हमें पर्यावरण का हाल बताता है, बस जरूरत है उसकी भाषा को समझने की।

# भीलवाड़ा में सट्टे के रुपयों के लेनदेन के विवाद में युवक का अपहरण

## तीन जगह ले जाकर बेरहमी से करी मारपीट,हाथ पैर तोड़े

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा** शहर में पुराने मिलन टॉकीज के यहां सट्टे के रुपयों की लेनदेन को लेकर अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। जहां दो बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर लिया और बाद में तीन अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसके साथ गंभीर मारपीट की और बाद में उसे घायल अवस्था में सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद घायल को भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है जहां उसका इलाज जारी है। प्रारंभिक तौर पर मारपीट रुपए के सट्टे के रुपयों की लेनदेन के चलते होना सामने आया है। घायल नवीन खोतानी ने मीडिया को अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि मिलन टॉकीज के यहां पर मैं पान की केबिन के पास खड़ा हुआ था तभी इस दौरान पुसा लाल आया उसने मुझसे कहा कि रोहित सेन तुझे बुला



रहा है इस पर मैं उनके पास गया तो वह लोग मुझे जबरन गाड़ी में बैठा कर अपने साथ लेकर गए। जहां उन्होंने मेरे साथ तीन अलग-अलग जगह पर मारपीट की और बाद में वह मुझे मिलन टॉकीज के यहां घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद मेरे दोस्त आए और मुझे एमजी अस्पताल में इलाज के लिए लेकर आए। वहीं रोहित सेन से पुराने रुपयों को लेकर विवाद चल रहा था जिसके लिए उसने मेरे साथ मारपीट की है। मैं रोहित को पूरा पेमेंट दे चुका हूं लेकिन इसके बावजूद भी वह मुझे जुआ - सट्टा का कह कर 5 लाख और मांग रहा है। वह मुझसे डेढ़ लाख रुपये मांगता था जिसके बदले में उसे 2 लाख 90 हजार दे चुका हु। इसके बाद भी मुझसे वह 2 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहा हैं। इस बात को लेकर उसने मुझसे मारपीट की और मुझे धमकी भी दे रहा हैं।

# शहर में सांडो का आतंक, दो सांडो की लड़ाई में मासूम आया चपेट में

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** शहर की सड़कों पर बेसहारा पशुओं का बढ़ता आतंक एक बार फिर लोगों के लिए जानलेवा साबित हुआ है। शहर के आजाद नगर में दो सांडों की आपसी लड़ाई के दौरान एक मासूम बच्चा उनकी चपेट में आ गया। घटना के बाद मौके पर खलबली मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत साहस दिखाते हुए बच्चे को सांडों से बचाया और अपने स्तर पर ही प्राथमिक उपचार किया । लेकिन इस घटना के बाद एक बार फिर शहर में बेसहारा सांडों और पशुओं की समस्या को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर में लगभग रोजाना सांडों की लड़ाई, राहगीरों पर हमले और सड़क हादसों की खबरें सामने आती हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाल




पाया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सबसे ज्यादा खतरा बच्चों,बुजुर्गों और महिलाओं को रहता है। स्कूल हो बाजार हो या मुख्य सड़क हो वहां बेसहारा पशु खुलेआम घूमते हैं ओर सांड ऐसे स्थान पर कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। कई बार स्थानीय लोगों ने शिकायत की बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। शहरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि पशुओं के लिए प्रभावी प्रबंधन, सुरक्षित संरक्षण और उन्हें शहर की सड़कों से हटाने के लिए तत्काल ठोस एवं स्थायी कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस मासूम के साथ हुए हादसे के बाद प्रशासन जागता है या फिर किसी और बड़ी घटना का इंतजार किया जाएगा।

## तेज रफ्तार रोडवेज बस ने तीन भैंसों को रौंदा...

# CCTV फुटेज ने खोली हादसे की परतें, गर्भवती भैंस की दर्दनाक मौत से फूटा लोगों का गुस्सा

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा-मूलचन्द पेसवानी** शाहपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात हुए एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। पहले जिस घटना को अज्ञात वाहन की टक्कर मानकर जांच की जा रही थी, उसका सच अब सीसीटीवी फुटेज के जरिए सामने आ गया है। फुटेज में स्पष्ट हुआ कि उदयपुर से टोंक जा रही राजस्थान रोडवेज की तेज रफ्तार बस ने सड़क पार कर रही तीन भैंसों को बेरहमी से अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि एक गर्भवती भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके गर्भ में पल रहा बछड़ा भी जोरदार टक्कर के कारण बाहर निकल गया। इस वीभत्स दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 1:20 बजे शाहपुरा पुलिस थाने के सामने स्थित स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी के पास तीन भैंसें सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान उदयपुर से टोंक की ओर जा रही राजस्थान रोडवेज की बस (नंबर RJ14 PH 0906) तेज रफ्तार से वहां पहुंची और चालक वाहन पर



नियंत्रण नहीं रख सका। देखते ही देखते बस ने तीनों भैंसों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस की रफ्तार इतनी अधिक थी कि चालक को ब्रेक लगाने तक का मौका नहीं मिला। टक्कर के बाद भैंसें कई फीट दूर जा गिरीं। गर्भवती भैंस ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अन्य दो भैंसें गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पती रहीं। ग्रामीणों ने तत्काल घायल पशुओं की सहायता कर उनका उपचार शुरू कराया।

**हादसे के बाद नहीं रुकी बस, चालक मौके से फरार**

घटना का सबसे दुखद पहलू यह रहा कि हादसे के बाद रोडवेज बस चालक ने मानवता का परिचय देने के बजाय वाहन को रोकना भी उचित नहीं समझा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक बस को तेज गति से लेकर मौके से फरार हो गया। इससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। लोगों का कहना है कि यदि चालक वाहन रोककर पुलिस या पशु चिकित्सकों को सूचना देता तो घायल पशुओं को तत्काल सहायता मिल सकती थी।

**पहले अज्ञात वाहन पर था संदेह**

घटना के बाद पीड़ित पशुपालक कमलेश कहार निवासी रामपुरा बस्ती ने शाहपुरा थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने पुलिस से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर दोषी वाहन की पहचान करने की मांग की। पुलिस ने भी जांच शुरू की, लेकिन शुरुआती स्तर पर वाहन की पहचान नहीं हो सकी।

**CCTV फुटेज बना सबसे बड़ा गवाह**

मामले में नया मोड़ तब आया जब परिवादी ने अपने परिचितों की मदद से शाहपुरा टोल, आमली बंगला टोल तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटाई। यह फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराई गई। फुटेज की बारीकी से जांच करने पर पूरा मामला साफ हो गया। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में स्पष्ट दिखाई दिया कि हादसे में शामिल वाहन राजस्थान रोडवेज की बस RJ14 PH 0906 थी, जो उदयपुर से टोंक रूट पर संचालित हो रही थी। फुटेज में बस के आगे का शीशा टूटा हुआ तथा दाहिने हिस्से का अगला भाग क्षतिग्रस्त दिखाई दिया, जिससे यह पुष्टि हो गई कि यही बस हादसे में शामिल थी।

**गर्भवती भैंस की मौत ने हर किसी को किया भावुक**

हादसे का सबसे मार्मिक दृश्य वह था, जब टक्कर की भीषणता के कारण गर्भवती भैंस की मौके पर ही मौत हो गई और उसके गर्भ में पल रहा बछड़ा भी बाहर निकल गया। यह दृश्य देखकर आसपास मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। ग्रामीणों का कहना है कि पशु भी परिवार का हिस्सा होते हैं और उनकी इस तरह की दर्दनाक मौत किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को विचलित कर सकती है।

**पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान**

मृत भैंस और घायल दो अन्य भैंसों के कारण पशुपालक को लाखों रुपये का नुकसान होने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पशुपालन कई परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन है। ऐसे में एक साथ तीन भैंसों का हादसे का शिकार होना आर्थिक रूप से भी बेहद बड़ी क्षति है। घायल भैंसों का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

**लोगों में रोष, सख्त कार्रवाई की मांग**

घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि रोडवेज जैसी सार्वजनिक परिवहन सेवा के चालकों से जिम्मेदारी और सतर्कता की अपेक्षा की जाती है, लेकिन यदि तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण बेजुबान पशुओं की जान चली जाए और चालक मौके से फरार हो जाए, तो यह गंभीर अपराध है। परिवादी कमलेश कहार ने पुलिस से रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मृत भैंस एवं घायल पशुओं के लिए उचित मुआवजा दिलाने की भी मांग उठाई है।

**पुलिस जुटी कानूनी कार्रवाई में**

सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। फुटेज के आधार पर बस और उसके चालक की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते तेज रफ्तार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो ऐसे हादसे भविष्य में भी बेजुबान पशुओं और आम लोगों की जान लेते रहेंगे।

# सीसी सड़क निर्माण में लापरवाही, पेयजल लाइन टूटने से रातभर बहा पानी



## लाडपुरा में सड़क पर जमा हुआ कीचड़, ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लापरवाही का लगाया आरोप

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा,** ग्राम लाडपुरा में निर्माणाधीन सीसी सड़क कार्य के दौरान कथित लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान कई घरों के पेयजल नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा उन्हें समय पर बंद या मरम्मत नहीं कराया गया। इसके चलते पूरी रात पेयजल सड़क पर बहता रहा और सड़क पर कीचड़ फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार पानी बहने से न केवल पेयजल की बर्बादी हुई, बल्कि सड़क पर कीचड़ जमा होने से लोगों को आने-जाने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने इसे निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही बताते हुए संबंधित विभाग और ठेकेदार के प्रति नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन की तत्काल मरम्मत कराई जाए, सड़क पर जमा कीचड़ हटाया जाए तथा भविष्य में निर्माण कार्य के दौरान इस प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए संबंधित एजेंसी एवं ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास कार्यों का स्वागत है, लेकिन निर्माण के दौरान आमजन की मूलभूत सुविधाओं और पेयजल व्यवस्था को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। उन्होंने संबंधित विभाग से मामले की जांच कर जिम्मेदारों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की मांग भी की।

# छापरेल में अवैध क्लिनिक और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, कलेक्ट्रेट पर उग्र प्रदर्शन,सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत** कोटड़ी तहसील के ग्राम छापरेल में सरकारी भूमि और धार्मिक नाड़ी पर हो रहे अवैध अतिक्रमण व बिना लाइसेंस चल रहे क्लिनिक को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि छापरेल निवासी बंगाली डॉक्टर ने चामुंडा माताजी की धार्मिक नाड़ी की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। अतिक्रमणकारी ने न केवल वहां चार दुकानें बना ली हैं, बल्कि पीछे की करीब एक बीघा सरकारी भूमि पर भी अवैध कब्जा कर रास्ता निकाल लिया है। वर्तमान में वह इन दुकानों को किराए पर देकर अनुचित लाभ कमा रहा है। इसके अलावा, वह लंबे समय से बिना किसी वैध लाइसेंस के गांव में अवैध रूप से क्लिनिक भी संचालित कर रहा है। शिकायत करने पर अतिक्रमणकारी प्रभावशाली और राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर ग्रामीणों को धमकियां दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि सात दिवस के भीतर इस अवैध क्लिनिक को बंद नहीं किया गया और अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो वे तहसील व जिला स्तर पर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# RGHS में बड़ा एक्शन भीलवाड़ा के रामस्नेही अस्पताल सहित 48 अस्पताल निलंबित, 24 पर 3 करोड़ का जुर्माना

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा/ जयपुर ।** राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी/राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS) में कथित अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई की है। भीलवाड़ा के रामस्नेही अस्पताल सहित प्रदेश में 48 निजी अस्पतालों को RGHS से निलंबित कर दिया गया है, जबकि 24 अस्पतालों पर करीब 3 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। कार्रवाई की जद में जयपुर के मणिपाल, सोनी और इंडस सहित 9 प्रमुख अस्पताल भी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि योजना में पारदर्शिता बनाए रखने और सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए जांच और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। गौरतलब है की प्रदेश में तीन माह में 51 अस्पताल निलंबित किए गए है और एक माह में 24 अस्पतालों पर 3 करोड़ का जुर्माना लगा है । वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितता पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी है । इन अस्पतालों में ऑडिट एवं जांच के दौरान कई गंभीर वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितताएं सामने आईं। इनमें दस्तावेजों की डुप्लीकेसी, आवश्यकता से अधिक जांचें कराना, अधिक भुगतान प्राप्त करने के उद्देश्य से एक ही पैकेज में सम्मिलित सेवाओं एवं प्रक्रियाओं को अलग-अलग दर्शाकर क्लेम प्रस्तुत करना, आवश्यक दस्तावेजों का अभाव तथा ओपीडी मरीजों को अनुचित रूप से आईपीडी में परिवर्तित कर क्लेम प्रस्तुत करना जैसी गंभीर अनियमितताएं शामिल हैं। इन अनियमितताओं के कारण योजना पर अनावश्यक वित्तीय भार पड़ने की पुष्टि होने पर नियमानुसार रिकवरी की कार्रवाई की गई।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा ।** भीलवाड़ा अजमेर रेलवे ट्रेक पर मांडल से धुवाला के बीच देवरिया फाटक के निकट जोधपुर रतलाम एक्सप्रेस से एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई । घटना के बाद कुछ देर ट्रेन मौके पर ही खड़ी रही वही सूचना पर मांडल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मुर्दाघर में पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवाया । पुलिस ने युवक की पहचान के लिए हर संभव प्रयास शुरू किए। अज्ञात युवक की उम्र करीबन 30 से 40 वर्ष के बीच बताई गई जिसने टी शर्ट ओर जींस पहन रखी है। जो कोई भी व्यक्ति युवक को पहचानता हो तो वह मांडल थाने में सूचित करे। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान के प्रयास जारी थे ।

स्वच्छता के दावों की खुली पोल...

# भीलवाड़ा के सबसे बड़े ट्रेवल्स हब पर कचरे का अंबार निगम की लापरवाही से व्यापारियों में भारी आक्रोश

## प्लास्टिक खा रहा गोवंश; शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समाधान

स्मार्ट हलचल



**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** एक ओर राजस्थान सरकार और जिला प्रशासन स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाने, शहर को साफ-सुथरा बनाने और आमजन को जागरूक करने के दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भीलवाड़ा शहर के सबसे बड़े ट्रेवल्स हब लैंडमार्क होटल के पीछे लगा कचरे का अंबार इन दावों की हकीकत बयां करता नजर आ रहा है। लंबे समय से फैली गंदगी को लेकर स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी है। व्यापारियों का आरोप है कि नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन निर्धारित डंपिंग स्थल पर कचरा ले जाने के बजाय सड़क किनारे और पार्क के पास खुले मैदान में ही कचरा खाली कर रहे हैं। इसके चलते पूरे क्षेत्र में गंदगी, दुर्गंध और प्रदूषण का माहौल बना हुआ है। उनका कहना है कि पिछले काफी समय से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि कचरे के ढेर और असहनीय बदबू के कारण ग्राहक यहां रुकना पसंद नहीं करते, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। आसपास स्थित होटल, बैंक और अन्य प्रतिष्ठानों के कर्मचारी भी दिनभर दुर्गंध के बीच काम करने को मजबूर हैं। करीब 100 फीट तक फैले कचरे के कारण यह पूरा क्षेत्र बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है, जबकि यह स्थान कचरा डालने के लिए अधिकृत नहीं है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कचरे में पड़ी प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट सामग्री गायें ओर गोवंश खा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इससे गोवंश की जान पर खतरा मंडरा रहा है। बरसात के मौसम में यही कचरा पूरे क्षेत्र में फैल जाता है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने और डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी रहती है।

**शिकायत के बाद अधिकारी मौके पर आते हैं मगर केवल मिलता है आश्वासन**

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर निगम अधिकारियों को शिकायत दी गई। अधिकारी मौके का निरीक्षण कर आश्वासन देकर लौट जाते हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं। व्यापारियों और क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि इस स्थान पर तत्काल कचरा डालना बंद कराया जाए, नियमित सफाई करवाई जाए तथा कचरे के निस्तारण के लिए उचित स्थान निर्धारित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र के व्यापारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## शरद शुक्ला को विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ प्रदेश में मिली बड़ी जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा ।** विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी व राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा की सहमति से विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार मेहता व युवा प्रदेश महामंत्री दिनेश जोशी ने संगठन का विस्तार करते हुए भीलवाड़ा जिले के दो सक्रिय युवाओं को प्रदेश कार्यकारिणी में मनोनीत किया है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार भीलवाड़ा निवासी एडवोकेट शरद शुक्ला को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष तथा अविनाश पाण्डिया को युवा प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। मनोनयन पर नव नियुक्त पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वे ब्राह्मण समाज के हितों, युवा जागरूकता और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उनके मनोनयन पर विप्र सेना कार्यकर्ताओं और समाज बंधुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## युवा ब्रह्म शक्ति मेवाड़ की महिला कार्यकारिणी का विस्तार, नीरू जिला प्रभारी व चंदा बनीं जिला सचिव

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** युवा ब्रह्म शक्ति मेवाड़ संगठन ने सामाजिक सरोकारों और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए अपनी महिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पुरोहित की अनुशंसा पर महिला प्रदेश अध्यक्ष नीलम शर्मा ने नई नियुक्तियों की घोषणा की है। संगठन के विस्तार में नीरू चतुर्वेदी को जिला प्रभारी और चंदा शर्मा को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही प्रेमलता शर्मा को सह सचिव, पिंकी सारस्वत को मंत्री, वंदना शर्मा को प्रचार-प्रसार मंत्री तथा रेखा शर्मा को कार्यालय प्रभारी मनोनीत किया गया है। महिला विंग को युवाओं के बीच और मजबूत करने के लिए अंजली शर्मा को युवा प्रकोष्ठ प्रमुख और किरण शर्मा को करेड़ा प्रभारी की कमान दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष नीलम शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि सभी मातृशक्ति पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि नई टीम के आने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और समाजहित के कार्यों में महिलाओं की भागीदारी और अधिक सशक्त होगी। कार्यकारिणी के विस्तार पर संगठन के पदाधिकारियों और समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## कृष्ण कुंज कॉलोनी में मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** वार्ड संख्या 56 स्थित कृष्ण कुंज कॉलोनी, हलेड़-दान्थल रोड, होटल इम्पीरियल के पीछे स्थित क्षेत्र के निवासियों ने कॉलोनी की गंभीर जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है । कॉलोनीवासियों का कहना है कि नालियों की निकासी का कोई स्थायी रास्ता नहीं होने के कारण सभी नालियां कचरे से अटी पड़ी हैं। बारिश के दौरान गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है, जिससे आवागमन बाधित होता है तथा बीमारियों का खतरा बना रहता है। कॉलोनी की सड़कें भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं, जिससे पैदल चलने वाले लोगों और वाहन चालकों को प्रतिदिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।इसके अलावा कॉलोनी में पर्याप्त रोड लाइटें नहीं होने से रात के समय अंधेरा रहता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने विधायक अशोक कोठारी एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि नालियों की समुचित निकासी की व्यवस्था कराई जाए, क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत करवाई जाए तथा रोड लाइटों को शीघ्र चालू कराया जाए कॉलोनी वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी जनहित की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो सभी वार्डवासी एकजुट होकर विधायक कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की होगी।

# माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष बनने पर सत्यनारायण न्याती का भव्य सम्मान, समाज ने जताया गौरव

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा-मूलचन्द पेसवानी** माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं केकड़ी निवासी सत्यनारायण न्याती के अजमेर जिला माहेश्वरी सभा का जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर माहेश्वरी पंचायत फूलिया कला द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाज के प्रबुद्धजनों ने पुष्पमालाएं पहनाकर, साफा बंधवाकर, शॉल ओढ़ाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर समाज में उत्साह और गौरव का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता माहेश्वरी पंचायत बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद हेडा ने की। उन्होंने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सत्यनारायण न्याती लंबे समय से समाज सेवा, संगठन क्षमता और समर्पित कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। उनका अजमेर जिला माहेश्वरी सभा के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनयन पूरे माहेश्वरी समाज, विशेष रूप से फूलिया कला के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि न्याती के नेतृत्व में समाज और अधिक संगठित होगा तथा सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा कार्यों को नई दिशा मिलेगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सत्यनारायण न्याती ने समारोह में उपस्थित सभी समाजबंधुओं का अभिवादन करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व मिला है, वह समाज के प्रत्येक सदस्य के विश्वास, आशीर्वाद और स्नेह का परिणाम है। उन्होंने कहा कि तपोभूमि मिनी पुष्कर धानेश्वर की कृपा तथा समाज के वरिष्ठजनों के आशीर्वाद और शुभकामनाओं से उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ समाज सेवा का एक बड़ा दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि अजमेर जिले के माहेश्वरी समाज को और अधिक संगठित किया जाए तथा शिक्षा, संस्कार, युवा सहभागिता, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता जैसे विषयों पर विशेष कार्य किए जाएं। उन्होंने फूलिया कला माहेश्वरी पंचायत द्वारा दिए गए सम्मान के लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए समाज हित में सदैव समर्पित रहने का संकल्प दोहराया। पंचायत मंत्री प्रकाशचंद्र तोषनीवाल ने समारोह का संचालन करते हुए बताया कि अध्यक्ष ताराचंद हेडा के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों ने सत्यनारायण न्याती तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रतन कंवर न्याती का पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाजों के साथ सम्मान किया। अतिथियों को पुष्पमालाएं पहनाई गईं, साफा बंधवाया गया, शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं। समारोह में गिरधारीलाल नौलखा, रामप्रकाश दाखेड़ा, कमलेश कुमार लड्ढा, कैलाशचंद्र सोमानी, रूपचंद पोरवाल, भागचंद पोरवाल, महावीर प्रसाद हेडा, मोहनलाल तोषनीवाल, सत्यनारायण आगीवाल, योगेश आगीवाल, कैलाशचंद्र नौलखा, नवीन नौलखा, भागचंद आगीवाल, कोषाध्यक्ष बसंत कुमार नौलखा, सुरेश पोरवाल, मुकेश तोषनीवाल तथा पवन कुमार हेडा सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला मंडल फूलिया कला की अध्यक्ष जिज्ञासा हेडा, कोषाध्यक्ष सरिता लड्ढा एवं महिला मंडल की सभी सदस्याओं ने भी श्री सत्यनारायण न्याती एवं श्रीमती रतन कंवर का पारंपरिक सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समारोह का समापन समाज की एकता, संगठन और सेवा कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि सत्यनारायण न्याती के नेतृत्व में अजमेर जिला माहेश्वरी सभा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी तथा समाज हित के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

डाइट खेल मैदान पर भवन निर्माण का विरोध, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

# एसडीओ ने प्राचार्य से फोन पर की बात, निर्माण कार्य शुरू नहीं करने के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल



**रिपोर्टर सुरज वर्मा** शाहपुरा में 17 जुलाई स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के खेल मैदान पर प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण का विरोध तेज हो गया है। शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने नगर अध्यक्ष रमेश सेन के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) को जिला कलक्टर, भीलवाड़ा के नाम ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान पर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डाइट प्राचार्य से दूरभाष पर चर्चा की और निर्माण कार्य फिलहाल शुरू नहीं करने के निर्देश दिए।कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में बताया कि डाइट परिसर में वर्तमान भवन से सटी पर्याप्त खाली भूमि उपलब्ध है, जहां नवीन भवन का निर्माण आसानी से कराया जा सकता है। इसके बावजूद खेल मैदान पर भवन निर्माण की योजना विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षणार्थियों और आम नागरिकों के हितों के विपरीत है।कांग्रेस का कहना है कि यह मैदान शाहपुरा क्षेत्र का प्रमुख सार्वजनिक खेल मैदान है, जहां वर्षभर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, प्रशिक्षण शिविर, शारीरिक गतिविधियां एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। यदि मैदान पर निर्माण किया गया तो खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिलेगा और क्षेत्र की खेल गतिविधियां प्रभावित होंगी। इसका सीधा असर युवा प्रतिभाओं और आने वाली पीढ़ियों के खेल विकास पर पड़ेगा।ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मांग की कि खेल मैदान पर प्रस्तावित निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा नवीन भवन का निर्माण डाइट परिसर में उपलब्ध खाली भूमि पर कराया जाए। साथ ही यदि किसी अधिकारी द्वारा नियमों की अनदेखी कर खेल मैदान पर निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष नमन ओझा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामप्रसाद धाकड़, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लादूलाल खटीक, नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि सुनील मिश्रा, कांग्रेस नेता ओम सिंधी, पूर्व पार्षद नाथु कोली, प्रदेश सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ शंकर खटीक, अतुल त्रिपाठी, आशीष भारद्वाज, अंकुर ओझा, सुनील पाराशर, शिवराज आचार्य, भेरूलाल गुर्जर, दिनेश जाट, कन्हैया माली, दिनेश गुर्जर, धनराज, दिलखुश लोधा, विराट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नगर कांग्रेस ने कहा कि खेल मैदान केवल भूमि का एक हिस्सा नहीं, बल्कि क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं, खिलाड़ियों और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण संसाधन है। इसलिए जनहित और खेल हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस मैदान को सुरक्षित रखा जाना आवश्यक है।

# नए अस्पतालों की गुणवत्ता पर उठे सवाल, खजूरी सीएचसी में दरारें और ईटूंदा पीएचसी की उखड़ी टाइल्स पर विभाग सक्रिय

**खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एनएचएम के सहायक अभियंता को भेजा पत्र, जनहानि की आशंका जताते हुए तत्काल जांच व मरम्मत के दिए निर्देश**

स्मार्ट हलचल



**अलकेश पारीक** जहाजपुर। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किए गए सरकारी स्वास्थ्य भवनों की गुणवत्ता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खजूरी की नव निर्मित इमारत में पड़ी बड़ी-बड़ी दरारें तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) ईटूंदा में उखड़ती फर्श की टाइल्स और खराब सौर ऊर्जा संयंत्र को लेकर चिकित्सा विभाग ने गंभीरता दिखाई है। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जहाजपुर ने 17 जुलाई 2026 को सहायक अभियंता (सिविल), एनएचएम, भीलवाड़ा को पत्र भेजकर दोनों भवनों की तत्काल तकनीकी जांच एवं आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। बीसीएमओ द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है कि सीएचसी खजूरी की दीवारों में गंभीर दरारें आ चुकी हैं और बारिश का पानी भवन के भीतर टपक रहा है। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि भवन की यह स्थिति भविष्य में दीवार गिरने जैसी घटना को जन्म दे सकती है, जिससे जनहानि की आशंका बनी हुई है। वहीं पीएचसी ईटूंदा के नव निर्मित भवन में कई स्थानों पर फर्श की टाइल्स उखड़ चुकी हैं और गड्ढे बन गए हैं। इससे अस्पताल में आने वाले मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और कर्मचारियों के फिसलकर चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा अस्पताल में लगाया गया सौर ऊर्जा संयंत्र भी सुचारु रूप से कार्य नहीं कर रहा, जिससे बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दोनों संस्थानों की स्थिति को गंभीर मानते हुए आवश्यक तकनीकी परीक्षण, गुणवत्ता की जांच और शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए हैं। पत्र की प्रतिलिपि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भीलवाड़ा, अधिशासी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, अजमेर तथा संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को भी भेजी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए अस्पताल यदि शुरूआती दौर में ही इस तरह की खामियां दिखाने लगें तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। उनका कहना है कि केवल मरम्मत ही नहीं, बल्कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कर जिम्मेदार एजेंसी और अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से पहले व्यवस्था में सुधार हो सके

## भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**26 जुलाई 2026 तक किए जा सकेंगे आवेदन**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** भारतीय वायु सेना द्वारा अग्निवीरवायु भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। निर्धारित पात्रता रखने वाले अविवाहित पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी भारतीय वायु सेना की आधिकारिक भर्ती वेबसाइट www.iafrecruitment.edcil.co.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 26 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित पात्रता के अनुसार ऐसे अभ्यर्थी आवेदन के पात्र होंगे जिनका जन्म 1 जुलाई 2005 से 1 जनवरी 2010 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच हुआ हो। शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत विज्ञान वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 10+2 (बारहवीं) परीक्षा गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषयों के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही अंग्रेजी विषय में भी न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। कला एवं वाणिज्य वर्ग के अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र हैं, बशर्ते उन्होंने 10+2 परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत कुल अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो तथा अंग्रेजी विषय में भी कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। इसके अतिरिक्त, निर्धारित पात्रता के अनुसार तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा अथवा दो वर्षीय व्यावसायिक (वोकेशनल) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे आवेदन की अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपना ऑनलाइन पंजीकरण पूर्ण कर लें।

## विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने साध्वी माता की सुरक्षा को लेकर जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन




स्मार्ट हलचल

**जितेन्द्र गौड़ लाखेरी -** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल, प्रखण्ड लाखेरी द्वारा जिला कलेक्टर, बूंदी के नाम उपखण्ड अधिकारी लाखेरी के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपकर लाखेरी स्थित शंकरवन मठ में रह रही साध्वी माता की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में संगठन ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों एवं भू-माफियाओं द्वारा मठ के वातावरण को लगातार अशांत करने, साध्वी माता के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में पूर्व में भी पुलिस प्रशासन को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ रहे हैं। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने प्रशासन से मांग की है कि साध्वी माता को उचित सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा मठ की शांति एवं धार्मिक वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## धुंधलेश्वर महादेव मंदिर में 12 गांवों के पंच-पटेलों की बैठक: कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर चर्चा, नए पदाधिकारियों का होगा चयन



स्मार्ट हलचल

**अविनाश मीणा घाड़ (देवली), टोंक** धुंधलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 को 12 गांवों के पंच-पटेलों की एक बैठक आयोजित की गई। श्री धन्ना पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि बाल योगी मुनीश्वर देवाचार्य जी महाराज की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मंदिर परिसर और संबंधित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सदस्यों ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगली बैठक सोमवार, 20 जुलाई को होगी, जिसमें सभी 12 गांवों के पंच-पटेलों से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। आगामी बैठक का मुख्य एजेंडा नए अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव का चयन करना है। इसके अतिरिक्त, पूर्व में हुए विकास कार्यों के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। वार्षिक विशाल कांवड़ यात्रा को भव्य और सफल बनाने की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। इस बैठक में समिति के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष प्रभु लाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष हंसराज माली, सचिव हेमराज मीणा और हेमराज पुजारी उपस्थित रहे। इनके साथ प्रभुलाल मीणा, सूरजमल, पप्पू, मोहन, रामनिवास, अशोक, शैतान सिंह, राजेश, विनोद, भंवरलाल, रामप्रसाद भाट, मुकुट बिहारी गौतम (घाड़) और रामफुल पटेल (इन्दोदा) सहित क्षेत्र के कई गणमान्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## धामनिया के आदित्य ने नीट परीक्षा में लहराया परचम,सतत् प्रयास से मिली सफलता

**ग्रामीणों व परिजनों ने मुंह मीठा कर किया स्वागत**

स्मार्ट हलचल

**काछोला** -पर्याप्त सुविधाओं की कमी के बावजूद कड़ी मेहनत कर अब धीरे-धीरे ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।प्रतिभाएं सुविधाओं की मोहताज नहीं होती। हाल ही में नीट परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है। जिसमें भीलवाड़ा के काछोला क्षेत्र के धामनिया गांव के सेवानिवृत शिक्षाविद रामपाल तेली के सुपौत्र,भानु प्रकाश के सुपुत्र व अशोक कुमार के भतीजे आदित्य साहू ने परचम लहराते हुए देशभर में ओबीसी केटेगरी से 3046 वी व जनरल में 8025 वी रैंक हासिल की। यहां आदित्य अपने गांव धामनियां पहुंचने पर परिजनों व गांव वालों ने कुमकुम तिलक लगा माला पहनाकर, मुंह मीठा करवाकर भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों का मानना है कि पहली बार हमारे गांव से किसी बालक का नीट परीक्षा में चयन हुआ है निश्चित रूप से इससे दूसरे बालको को भी प्रेरणा मिलेगी और गाँव ढाणी से निकली प्रतिभाएं अपनी अथक मेहनत,लक्ष्य के प्रति समर्पित सोच और अपने सपनों को एक नई उड़ान देने के लिए नीट परीक्षा में सफल हुआ है वो हम सभी के लिए गौरवशाली और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है।वही परिजनों व ग्रामीणों ने भावी डॉक्टर के रूप में सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। वही नीट परीक्षा में सफलता मिलने पर आदित्य ने कहा कि अपनों का साथ और सतत् प्रयास ही ऊँचाइयों तक ले जाती है।इस अवसर जितेंद्र मूंदड़ा,नानाजी राधेश्याम तेली,मामाजी यशवंत साहू,कान सिंह,कैलाश चौधरी,दिनेश सोनी,दीपक सोनी,हरिशंकर, दादीजी चांदी देवी,माताजी गंगादेवी,आंटीजी टीना कुमारी,गोपाल,अंकित,किट्टू कुमारी,आराध्या सहित आदि ने स्वागत किया।

## एनआई एक्ट मामलों के निस्तारण के लिए 18 जुलाई को विशेष लोक अदालत, जिले में 13 बेंचों का गठन

स्मार्ट हलचल

राजीनामे के माध्यम से विवाद सुलझाने का मिलेगा अवसर, पक्षकारों से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील

भीलवाड़ा, स्मार्ट हलचल। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एनआई एक्ट (धारा 138) से संबंधित लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं आपसी राजीनामे के आधार पर निस्तारण के लिए 18 जुलाई 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी श्रृंखला में दूसरी विशेष लोक अदालत 21 नवंबर 2026 को आयोजित होगी। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन के निर्देशन में भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र में आयोजित होने वाली इस विशेष लोक अदालत की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में राजीनामे योग्य मामलों के निस्तारण के लिए 13 विशेष बेंचों का गठन किया गया है।

## मोचडिया के मंड देवनारायण के 25 को रक्तदान शिविर, किया पोस्टर विमोचन




स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव** सवाईपुर क्षेत्र के बनकाखेड़ा गांव में श्री मोचड़िया के मंड देवनारायण भगवान मंदिर पर विशाल रक्तदान शिविर को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया, देवनारायण मंदिर प्रांगण में 25 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा । समाजसेवी सांवरमल जाट ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय सेना के शोर्य को समर्पित कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष पर मोचड़िया के मंड देवनारायण मंदिर प्रांगण में शनिवार 25 जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसको लेकर देवनारायण मंदिर प्रांगण में पोस्टर विमोचन किया गया, इस दौरान संस्थान के सचिव गोपाल विजयवर्गीय, रामेश्वर लाल भोपा जी, दिलखुश जाट, गजानंद जाट आदि कई मौजूद रहे ।

## मांडलगढ़ के पूर्व चेयरमैन जफर टांक बने कोटा संभाग प्रभारी, अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की घोषणा

स्मार्ट हलचल



अल्पसंख्यक कांग्रेस के संगठन को प्रदेश स्तर पर मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी और राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चोपदार ने संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की सूची जारी की है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी सूची में राजस्थान अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मांडलगढ़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जफर टांक को कोटा संभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब जफर टांक कोटा संभाग के कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ जिलों में पार्टी संगठन को सक्रिय करने, बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन करने और अल्पसंख्यक समाज की समस्याओं को पार्टी मंच तक पहुंचाने का काम करेंगे।

**लंबे समय से जुड़े हैं संगठन से**

जफर टांक मांडलगढ़ नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन रह चुके हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष के तौर पर भी वे अल्पसंख्यक समाज के मुद्दों को लगातार उठाते रहे हैं। उनकी जमीनी पकड़ और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। जफर टांक ने नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

## इनरव्हील क्लब ऑफ कोटा ने मानव सेवा समिति के डायलिसिस वार्ड को भेंट किया इनवर्टर,

### मानव सेवा समिति को इनवर्टर व बैटरियां भेंट, डायलिसिस मरीजों को मिलेगी राहत

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए इनरव्हील क्लब ऑफ कोटा ने मानव सेवा समिति,महवीर नगर के डायलिसिस वार्ड के लिए एक इनवर्टर एवं दो बैटरियां भेंट कीं। क्लब की इस पहल से बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में डायलिसिस सहित अन्य महत्वपूर्ण वार्डों में उपचार कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सकेगा। अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति के मुख्य ट्रस्टी गोविंद राम मित्तल ने क्लब के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि डायलिसिस जैसी जीवनरक्षक चिकित्सा प्रक्रिया में निर्बाध विद्युत आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है। बिजली बाधित होने पर मरीजों को शारीरिक कष्ट के साथ मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में इनरव्हील क्लब का यह सहयोग मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी और मानवीय पहल है। अस्पताल अधीक्षक एस.के. सिंघल ने कहा कि यह इनवर्टर डायलिसिस वार्ड के साथ-साथ अन्य आवश्यक वार्डों में भी आपात स्थिति के दौरान निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने में सहायक होगा। क्लब अध्यक्ष डॉ. नीता जैन ने कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने में सहयोग देना इनरव्हील क्लब की प्राथमिकता है। क्लब भविष्य में भी स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं सामुदायिक सेवा से जुड़े ऐसे जनहितकारी प्रकल्पों का संचालन करता रहेगा। उन्होने बताया कि इस प्रोजेक्ट में मीता मोदी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर क्लब सचिव अर्चना गोयल, स्नेह गोयल, अंशु नारंग, प्रीति गौतम, शीला गौर एवं कल्पना भार्गव सहित क्लब की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

### आस्था का महापर्व- भीलवाड़ा में आचार्य श्रीरामदयालजी महाराज का आगमन 19 को

# दस साल बाद ऐतिहासिक चातुर्मास, शहरभर में भव्य तैयारियां

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा, मूलचन्द पेसवानी** अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर, जगद्गुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज का वर्ष 2026 का पावन 'विश्व शांति कल्याण चातुर्मास' रविवार, 19 जुलाई से भीलवाड़ा की पावन धरा पर शुभारंभ होगा। लगभग दस वर्ष बाद माणिक्यनगर रामद्वारा में आयोजित हो रहे इस चातुर्मास को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। शहर में जगह-जगह स्वागत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और सर्व समाज के लोग आचार्यश्री की मंगलमय पधारावणी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विश्व शांति कल्याण चातुर्मास समिति के तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। आचार्यश्री की मंगलमय पधारावणी रविवार सुबह 8:30 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। शोभायात्रा प्रारंभ होने से पूर्व स्टेशन चौराहे पर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद एवं सर्व समाज द्वारा महाआरती के साथ आचार्यश्री का भावपूर्ण स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए सबसे आगे हाथी, घोड़े, ऊंट, छत्र-चंवर एवं शाही लवाजमा शामिल रहेगा। मार्ग में 108 भव्य स्वागत द्वार बनाए गए हैं तथा श्रद्धालुओं पर ड्रोन के माध्यम से पुष्पवर्षा की जाएगी। उज्जैन की प्रसिद्ध महाकाल आरती की प्रस्तुति देने वाला दल भी शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहेगा। संपूर्ण मार्ग को आकर्षक रंगोलियों, स्वागत तोरणों और अभिनंदन बैनरों से सजाया गया है। शोभायात्रा गजाधर मानसिंहका धर्मशाला (रेलवे स्टेशन रोड) से प्रारंभ होकर सरकारी दरवाजा, गोल प्याऊ, बालाजी मार्केट, सूचना केंद्र चौराहा, गांधी बाजार, भीमगंज थाना चौराहा होते हुए माणिक्यनगर रामद्वारा पहुंचेगी, जहां चातुर्मास का शुभारंभ होगा। इस आयोजन में देशभर से रामस्नेही सम्प्रदाय के संत, महात्मा एवं हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी समितियां अपने दायित्वों के निर्वहन में पूरी निष्ठा के साथ जुटी हुई हैं।

**चातुर्मास में होंगे आध्यात्मिक और धार्मिक आयोजन**

विश्व शांति कल्याण चातुर्मास के दौरान आचार्य श्रीरामदयालजी महाराज के सान्निध्य में धर्म, अध्यात्म और सनातन संस्कृति की अविरल धारा प्रवाहित होगी। प्रतिदिन प्रातः 5 से 6 बजे तक रामधुनी, 8 से 8:30 बजे तक वाणीजी का पाठ तथा 8:30 से 9:30 बजे तक आचार्यश्री के प्रवचन होंगे। प्रतिदिन सूर्यास्त के समय संध्या आरती का आयोजन भी किया जाएगा। चातुर्मास के प्रमुख आयोजनों में 29 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव, 13 से 20 सितम्बर तक पूज्य वाणीजी प्रवचन एवं भागवत ज्ञान महोत्सव, 25 सितम्बर को आचार्यश्री अवतरण महोत्सव, 26 सितम्बर को अवतरण आनंदोत्सव, 15 अक्टूबर को पंचमी गोटकाजी की भव्य शोभायात्रा तथा 22 अक्टूबर को चातुर्मास समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत यह चातुर्मास न केवल रामस्नेही सम्प्रदाय बल्कि समूचे भीलवाड़ा जिले के लिए आस्था और संस्कृति का एक ऐतिहासिक पर्व बनने जा रहा है। श्रद्धालुओं में इसे लेकर विशेष उत्साह और उल्लास का वातावरण है।

## 'अंगदान-महादान' अभियान का आगाज, जिले में शुरू हुआ जनजागरूकता अभियान

### अंगदान का एक निर्णय बचा सकता है आठ जिंदगियां: एडीएम प्रतिभा देवठिया

### एडीएम देवठिया ने किया पोस्टर विमोचन, ऑनलाइन अंगदान शपथ लेने का किया आह्वान



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** विश्व अंगदान दिवस (3 अगस्त) एवं अंगदान माह के उपलक्ष्य में जिले में शुक्रवार से राज्यव्यापी 'अंगदान-महादान' जनजागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। जिला कलक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया ने अभियान के पोस्टर का विमोचन कर अधिक से अधिक लोगों से ऑनलाइन अंगदान की शपथ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक जीवनदान, अनेक वरदान का संदेश समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है और किसी व्यक्ति का एक निर्णय आठ जरूरतमंद लोगों को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने आमजन से नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन के वेब पोर्टल पर ऑनलाइन अंगदान की शपथ लेने तथा अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को भी इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजकीय महात्मा गांधी चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार पूरे जुलाई माह को अंगदान माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत जिले के स्वास्थ्य संस्थानों, चिकित्सा महाविद्यालयों तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पोस्टर, बैनर, सोशल मीडिया, जनसंवाद और अन्य माध्यमों से नागरिकों को अंगदान के महत्व की जानकारी दी जा रही है तथा अधिकाधिक लोगों को ऑनलाइन शपथ दिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अंगदान से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन 1800-114-770 पर संपर्क किया जा सकता है। विश्व अंगदान दिवस एवं अंगदान माह के अवसर पर जिला प्रशासन ने आमजन से अंगदान का संकल्प लेने की अपील की है। एक व्यक्ति का अंगदान आठ लोगों को नया जीवन दे सकता है। नागरिक छव्ज्ज्व् पोर्टल अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ लेकर मानवता के इस महाअभियान का हिस्सा बन सकते हैं।

## प्रसूता मौतों के विरोध में सर्व समाज की न्याय यात्रा, दोषियों पर कार्रवाई की उठी मांग

### भीमगंज थाना से चारभुजानाथ बड़ा मंदिर तक पैदल मार्च, लगाए न्याय के नारे, निष्पक्ष जांच और जवाबदेही की मांग



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** महात्मा गांधी चिकित्सालय में हाल ही में प्रसूताओं की लगातार हुई मौतों के विरोध में शुक्रवार को सर्व समाज के बैनर तले न्याय की मांग को लेकर विशाल पैदल न्याय यात्रा निकाली गई। भीमगंज थाना से प्रारंभ हुई यह यात्रा श्री चारभुजानाथ बड़ा मंदिर, पुराना भीलवाड़ा तक पहुंची। यात्रा के दौरान आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रार्थना-पत्र एवं जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए तथा लोगों से न्याय की इस लड़ाई में सहभागी बनने का आह्वान किया गया। न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के नागरिक शामिल हुए। यात्रा जैसे ही गुलमंडी बाजार पहुंची, पूरा क्षेत्र, अस्पताल प्रशासन हाय-हाय, गायनिक विभाग हाय-हाय, बहनों को न्याय दो, न्याय नहीं तो चैन नहीं और माँओं की मौत का हिसाब दो जैसे नारों से गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रसूताओं की लगातार हो रही मौतों ने पूरे समाज को झकझोर दिया है और मामले में जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होना आवश्यक है। पदयात्रा का समापन श्री चारभुजानाथ बड़ा मंदिर में हुआ, जहां सर्व समाज के लोगों ने भगवान श्री चारभुजानाथ के श्रीचरणों में सामूहिक प्रार्थना की। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को सद्बुद्धि प्रदान करने, सत्य को सामने लाने, दोषियों को दंडित करने तथा पीड़ित परिवारों को शीघ्र न्याय दिलाने की कामना की। इस अवसर पर भगवान के चरणों में एक प्रार्थना-पत्र भी अर्पित किया गया। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि सत्य, न्याय, जवाबदेही और मानव जीवन की रक्षा के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर रितेश गुर्जर, पवन त्रिपाठी, राघव कोठारी, रवि पंडित, जीतू गुर्जर, सिद्धार्थ पाराशर, लोकेश खटीक, राजेंद्र सिंह, विजेश खटीक, मोनू सेन, हिमांशु सेन, सुनील खटीक, देवदत्त पाराशर, रविन्द्र धाकड़, लोकपाल प्रजापत, पवन व्यास, बनवारी गाडरी, पूरन गाडरी, मुकेश जांगिड़, महेश शर्मा, दिलीप यादव, अनिल सोनी, सुधांशु जैन, यदुवेन्द्र सिंह, नवीन जोशी, संजय गुर्जर, कौशल पारीक, ललित देवनानी, आनंद शर्मा, पूरण तेली, गोपाल साहू, दिनेश गाडरी, राहुल गाडरी, रमेश धोबी सहित सर्व समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सर्व समाज ने स्पष्ट किया कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने, दोषियों की जवाबदेही तय होने तथा प्रत्येक मातृ मृत्यु की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित होने तक यह जनआंदोलन लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से निरंतर जारी रहेगा।

## कश्मीर मोहम्मद शेख बने उदयपुर शहर कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के चुनाव सह-प्रभारी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा/जयपुर,** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के प्रदेशाध्यक्ष जनाब एम. डी. चोपदार द्वारा संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यालय आदेश के तहत जनाब कश्मीर मोहम्मद शेख को उदयपुर शहर कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) का चुनाव सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) अल्पसंख्यक विभाग के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से की गई है। प्रदेशाध्यक्ष जनाब एम. डी. चोपदार ने विश्वास व्यक्त किया कि कश्मीर मोहम्मद शेख अपने संगठनात्मक अनुभव, मेहनत एवं सक्रिय कार्यशैली के बल पर उदयपुर शहर में कांग्रेस संगठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे तथा आगामी संगठनात्मक एवं चुनावी गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से नियुक्ति की खबर प्रसारित होते ही भीलवाड़ा एवं उदयपुर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं, अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों तथा जनाब कश्मीर मोहम्मद शेख के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाइयाँ देकर मिठाइयाँ खिलाईं तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं सक्रिय सहयोग से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त चुनाव सह-प्रभारी जनाब कश्मीर मोहम्मद शेख ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के प्रदेशाध्यक्ष जनाब एम. डी. चोपदार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

## केंद्रीय दल ने वीबी-जी रामजी योजना के अंतर्गत विकास कार्यों की संभावनाओं की समीक्षा की

### ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश

### जनहित एवं विकासोन्मुखी कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जाये- अतिरिक्त महानिदेशक ग्रामीण विकास विभाग




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा : राजकुमार गोयल,** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) योजना के अंतर्गत भारत सरकार के केंद्रीय दल के जिले के दौरे के दौरान शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार के अतिरिक्त महानिदेशक एमके उज्जैनिया की अध्यक्षता में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका संवर्धन तथा डिजास्टर मैनेजमेंट से संबंधित संभावित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा जिले में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि जिले के सभी 14 विकास खंडों में विभिन्न विभागों के कुल 831 विकास कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने में भीलवाड़ा प्रदेश में तीसरे स्थान पर है तथा वर्तमान में 55 हजार से अधिक श्रमिक विभिन्न विकास कार्यों में नियोजित हैं। अतिरिक्त महानिदेशक उज्जैनिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कृषि, सड़क, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास, वन विभाग, शिक्षा तथा खेल विभाग से संबंधित संभावित विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने जिले में विकसित किए गए मॉडल तालाब एवं कैटल शेड की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहित एवं विकासोन्मुखी कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से आगामी कार्ययोजना की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि बीबी-जी रामजी योजना के अंतर्गत जिले का कोई भी गांव विकास कार्यों से वंचित न रहे तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकता वाले कार्यों का चयन कर समयबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जाए। बैठक में केंद्रीय दल के सदस्य डिप्टी सेक्रेटरी प्रभात कुमार, अंडर सेक्रेटरी घनश्याम मीणा व जिला परिषद के एसीईओ मधुसूदन रत्नू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा योजना के प्रभावी संचालन एवं ग्रामीण विकास को गति देने के लिए आवश्यक सुझाव साझा किए गए।

## रायपुर उपखंड कार्यालय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका ने विरोध-प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**किशन खटीक/ रायपुर जुलाई** रायपुर उपखंड मुख्यालय पर शुक्रवार सुबह 12 बजे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी 07 सूत्री मांगों को लेकर 5 दिवसीय कार्य का बहिष्कार किया। सभी ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर तालाबंदी कर उपखंड कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी करुणा लाड़ौती को ज्ञापन सौंपा। बता दे कि अखिल राजस्थान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त विकास संघर्ष समिति के बैनर तले उपखंड स्तर पर प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने नारेबाजी कर उपखंड कार्यालय का घेराव कर जबरदस्त आक्रोश जताया। कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने रैली में एक घंटे तक लगातार नारेबाजी और प्रदर्शन किया।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं में जबरदस्त आक्रोश था भारी आवाज से उपखंड अधिकारी करुणा लाड़ौती ने कार्यालय के बाहर आकर ज्ञापन लिया और सभी की मांगो को आगे भिजवाने और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है, मांगे नहीं मानने पर आंदोलन की चेतावनी दी प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही रेखा वैष्णव ने कहा- यह तो सिर्फ शुरुआत है, अगर सरकार ने हमारी जायज मांगों पर तुरंत निर्णय नहीं लिया तो आने वाले दिनों में जिलास्तर पर इससे भी बड़ा उग्र प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा। फ़िरोज़ा बानू ने दो टूक शब्दों में कहा, हमारा मानदेय कम से कम 35,000 होना चाहिए, 10,000 रुपए में आज के समय में क्या होता है।

**मांग पत्र की प्रमुख सात बड़ी मांगे**

संघर्ष समिति की ओर से उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम सौंपे गए सात सूत्रीय मांग पत्र में यह प्रमुख मांगें शामिल हैं।

राजस्थान की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को स्थाई सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए।

जब तक नियमितीकरण की नीति लागू नहीं होती, तब तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 25,000 के स्थान पर 35,000 प्रतिमाह ओर सहायिकाओं को 25,000 प्रतिमाह का सम्मानजनक मानदेय निर्धारित कर हर महीने समयबद्ध भुगतान किया जाए।

राजधारा सर्वे, RAJ SIMS ऐप, उड़ान योजना और सेनेटरी नैपकिन वितरण जैसे गैर-आईसीडीएस कार्यों को तत्काल बंद किया जाए, ताकि कार्यकर्ता अपने मूल दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

सेवानिवृत्ति के उपरांत प्रत्येक कार्यकर्ता और सहायिका को कम से कम 10 लाख की एकमुश्त सम्मान राशि और मासिक पेंशन लागू की जाए।

प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को विभागीय कार्यों के लिए 5ळ डेटा सुविधा के साथ नया स्मार्टफोन या टैबलेट उपलब्ध करवाया जाए।

इसी के साथ उपखंड कार्यालय से रैली के रूप में रायपुर बस स्टैंड होते हुए सभी बाल परियोजना कार्यालय रायपुर पहुंची जहां प्रशासनिक अधिकारी सूर्यभान सिंह चुण्डावत को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द सभी की मांगो को आगे तक पहुँचाकर पूरा करने की बात कही इस दौरान कार्यक्रम में फिरोजा बानू, रेखा वैष्णव, गुलशन बानू, कृष्णा शर्मा, यशोदा पारीक, शारदा जीनगर, सीता जाट सहित सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मौजूद रही।

## गंगापुर जंक्शन सेल्फी प्रतियोगिता में हनीस शेख ने हासिल किया द्वितीय स्थान

### रेलवे की सेल्फी प्रतियोगिता में हनीस शेख को मिला दूसरा स्थान

स्मार्ट हलचल, अजीम खान चिनायटा

**गंगापुर सिटी।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल द्वारा आयोजित 'गंगापुर जंक्शन-सेल्फी का टशन' प्रतियोगिता में कुतकपुर निवासी हनीस शेख ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पुनर्विकसित गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा की। चयनित प्रतिभागियों में हनीस शेख की रचनात्मक प्रस्तुति और आकर्षक कैप्शन को सराहा गया। इस उपलब्धि पर हनीस शेख ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का है, जिन्होंने उन्हें निरंतर प्रोत्साहित किया और अपना सहयोग व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी वे इसी उत्साह और समर्पण के साथ बेहतर कार्य करने का प्रयास करेंगे। इस उपलब्धि पर साथी पत्रकार अजीम खान चिनायटा,क्षेत्र के लोगों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हनीस शेख को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com

# सांसद रमेश अवस्थी के महोत्सव में कानपुर में प्रदर्शित हुई आमों की 300 प्रजातियां, उमड़ा जन सैलाब

स्मार्ट हलचल

**सुनील बाजपेई कानपुर।** यहां सांसद रमेश अवस्थी द्वारा 19 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा आम महोत्सव लोगों के बीच चर्चा में सराहना का पात्र बना हुआ है। निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता से अपने कैरियर की शुरुआत करने वाले वह देश के पहले ऐसे समाजसेवी है, जो राजनीति में प्रवेश करने यानी सांसद बनने के पहले से फलों के राजा आम महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य देश की सबसे बड़ी ताकत कृषि परंपरा को नई दिशा, उसे व्यापक पहचान,उसके किसानों को सम्मान और उनको बेहतर मंच देना है। किदवई नगर स्थित संस्कार मैदान में इस बार भी भव्य आयोजित हुए आम महोत्सव में उमड़ी हजारों की भीड़ के बीच फिल्म अभिनेता रंजीत विधायक महेश त्रिवेदी, राहुल बच्चा सोनकर, सलिल विश्नोई, सरोज कुरील, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंहपुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ,डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह आदि भी दशहरी, लंगड़ा, चौसा, सफेदा समेत 300 से अधिक प्रजातियों के आमों की लगाई गई प्रदर्शनी देखने पहुंचे। इस भव्य महोत्सव के दौरान लोगों ने आम की विभिन्न प्रजातियों सहित जामुन का भी लुफ्त उठाया। इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आए आम उत्पादक किसानों को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ही मनाए गए सादगी पूर्ण जन्मदिन पर सांसद रमेश अवस्थी के सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट पुत्र सचिन अवस्थी को शुभकामनाएं देने वालों की भी भीड़ लगी रही।






इसी क्रम में यह भी अवगत कराते चलें कि यहां नगर सांसद बनने के बाद हर किसी के सुख दुख में सदैव साथ खड़े होने वाले जनहित में अपनी धुन के पक्के जुझारू, तेजतर्रार और व्यवहार कुशल सांसद रमेश अवस्थी ने जन समस्याओं के खिलाफ विकास की जो गंगा बहानी शुरू की है ,उससे यह भी साबित होता प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनहितकारी नीतियों के अनुरूप आम जनता के हित में अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने वाले सांसद रमेश अवस्थी के लगातार जारी कठोर परिश्रम पूर्ण प्रगाढ़ सेवा भाव के फलस्वरूप निकट भविष्य में जो सार्थक परिणाम सामने आएगा, उससे कानपुर में जन समस्याएं हल करने के साथ ही सर्वाधिक विकास कार्य कराने का रिकार्ड भी टूटकर रहेगा। जन सेवा ही संकल्प और जनहित ही प्राथमिकता जैसे अपने नारे के अनुरूप अपना सर्वाधिक समय जनता की सेवा में व्यतीत करने वाले व्यवहार कुशलता से जनित लोकप्रियता के भी धनी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भाजपा सांसद रमेश अवस्थी का जारी यह सार्थक सफल प्रयास भाजपा को और अधिक मजबूती प्रदान करने वाला भी माना जा रहा है। कानपुर दक्षिण में पहली बार आयोजित इस भव्य आम महोत्सव के दौरान जन सेवा भाव के मामले में सांसद रमेश अवस्थी के ही पद चिन्हों पर चलने वाले उनके सरल, शालीन और सहज स्वभाव के दोनों पुत्रों सचिन और शुभम अवस्थी द्वारा लोगों से भावपूर्ण मिलन और उनका आत्मीय स्वागत भी सराहना पूर्ण चर्चा का विषय रहा।

## हिंदू युवा वाहिनी के उदयपुर संभाग अध्यक्ष बनने पर विनोद वैष्णव का हुआ भव्य स्वागत

### श्री सांवरिया धाम आश्रम में संतों ने किया सम्मान, संगठन के सफल कार्यकाल की दी शुभकामनाएं

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** हिंदू युवा वाहिनी के उदयपुर संभाग अध्यक्ष पद पर मनोनयन होने पर विनोद वैष्णव का मूंगाना स्थित श्री सांवरिया धाम आश्रम में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान संत-महात्माओं ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान कर संगठन के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विनोद वैष्णव ने गुरुदेव चेतन दास जी महाराज के चरणों में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद महंत अनुज महाराज एवं महंत रामपाल दास महाराज ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री चेतन वेद गुरुकुलम के बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंगलाचरण प्रस्तुत किया तथा वेद मंत्रों के माध्यम से विनोद वैष्णव के सफल दायित्व निर्वहन की मंगलकामना की। वैदिक मंत्रों और जयघोषों से आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कार्यक्रम में उपस्थित संतों एवं गणमान्यजनों ने कहा कि हिंदू युवा वाहिनी राष्ट्रहित, गौ-रक्षा, धर्म रक्षा, संस्कृति संरक्षण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाती रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विनोद वैष्णव के नेतृत्व में संगठन उदयपुर संभाग में और अधिक सशक्त होकर सनातन संस्कृति एवं हिंदुत्व के मूल्यों के प्रचार-प्रसार में नई उपलब्धियां हासिल करेगा। इस अवसर पर महंत मुरलीदास महाराज, जगदीश वैष्णव, दिनेश वैष्णव (छापरी), पंडित अशोक तिवारी (गोपालनगर), पवन वैष्णव (जालमपुरा), उदयलाल गुर्जर (आमेलिया), मुकेश सहित अनेक भक्तगण, हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता एवं हिंदुत्व प्रेमी उपस्थित रहे।



## एनएसयूआई के विरोध के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने विवादित आदेश किया निरस्त

### एबीवीपी कार्यक्रम में विद्यार्थियों-शिक्षकों की भागीदारी संबंधी आदेश वापस, एनएसयूआई ने इसे छात्र हितों की जीत बताया

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़ ।** राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के विरोध-प्रदर्शन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एबीवीपी के कार्यक्रम में भाग लेने के संबंध में जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। एनएसयूआई ने इसे अपने आंदोलन की सफलता और छात्र हितों की जीत बताया है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अल्पेश गोस्वामी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षा विभाग पर सरकारी विद्यालयों का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोग करने का आरोप लगाते हुए संबंधित आदेश को वापस लेने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। बाद में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। अल्पेश गोस्वामी ने कहा कि सरकारी विद्यालय शिक्षा के मंदिर हैं और उन्हें किसी भी राजनीतिक दल या उससे जुड़े छात्र संगठन के कार्यक्रमों का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल करने के लिए सरकारी तंत्र का उपयोग शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई ने शुरुआत से ही इस आदेश का विरोध किया था और स्पष्ट किया था कि शिक्षा को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाएगा। उनके अनुसार संगठन के आंदोलन, विरोध और जनदबाव के बाद जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश निरस्त करना पड़ा, जो छात्र हितों, शिक्षा की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि शिक्षा विभाग का किसी भी राजनीतिक उद्देश्य से दुरुपयोग किया गया तो संगठन और व्यापक आंदोलन करेगा तथा छात्र हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### राजस्थान का पहला जिला स्तरीय सरपंच खेल महोत्सव 18 जुलाई को होगा संपन्न

## चिकसी में फुटबॉल फाइनल में उतरेंगे विदेशी खिलाड़ी, ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मिला बड़ा मंच



स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़,** राजस्थान में पहली बार ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जिला स्तरीय सरपंच खेल महोत्सव-2026 का भव्य समापन 18 जुलाई को ग्राम पंचायत चिकसी में होगा। सरपंच संघ जिलाध्यक्ष गणेश लाल साहू एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस अनूठे खेल महोत्सव ने ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को नई पहचान देने के साथ प्रदेशभर का ध्यान आकर्षित किया है। खेल महोत्सव के दौरान कबड्डी, फुटबॉल, रस्साकशी, कुश्ती सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह में फुटबॉल का फाइनल मुकाबला सांवरिया इंटरप्राइजेज, चिकसी और अविनाश इंटरप्राइजेज, चिकसी के बीच खेला जाएगा। विशेष आकर्षण यह रहेगा कि सांवरिया इंटरप्राइजेज टीम की ओर से नाइजीरिया, यमन और सूडान के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि महोत्सव का शुभारंभ 4 जुलाई को राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी ने किया था। उद्घाटन समारोह में ग्राम पंचायत चिकसी की प्रशासक किशोरी बाई साहू के नेतृत्व में जिलेभर के प्रशासक (सरपंच) एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजकों के अनुसार महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना, युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, नशामुक्त समाज का संदेश देना तथा गांवों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। आयोजन की सफलता को देखते हुए इसे आगामी वर्षों में और भी बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, निर्णायकों, प्रशासकों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए इसे ग्रामीण खेलों को नई दिशा देने वाली ऐतिहासिक पहल बताया। समापन समारोह को लेकर ग्रामीणों और खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह बना हुआ है।

### वन विभाग की नाक के नीचे 'कटरुआ' का काला कारोबार!

## गोला की सब्जी मंडी में खुलेआम बिक रहा जंगल का उत्पाद, कार्रवाई पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल



**गोलागोकर्णनाथ खीरी।** दक्षिण खीरी वन प्रभाग की गोला वन रेंज में वन उत्पाद 'कटरुआ' के अवैध कारोबार ने एक बार फिर वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। धार्मिक नगरी छोटी काशी गोला की सब्जी मंडी इन दिनों जंगल से लाए जा रहे कटरुआ की बिक्री का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। बरसात शुरू होते ही मंडी में कटरुआ की भरमार है और इसे खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मंडी में कई आढ़ती और दर्जनों फुटकर विक्रेता खुलेआम इस वन उत्पाद का कारोबार कर रहे हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे अवैध कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद हैं। सूत्रों के अनुसार कटरुआ के कारोबार में कुछ आढ़तियों और फुटकर विक्रेताओं की सक्रिय भूमिका बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह धंधा लंबे समय से चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। इस संबंध में जब गोला वन रेंज के अधिकारियों से बात की गई तो उनका कहना था कि फिलहाल वनकर्मी वृक्षारोपण अभियान में व्यस्त हैं। अभियान पूरा होते ही विशेष अभियान चलाकर कटरुआ की अवैध बिक्री पर रोक लगाई जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उधर, नगर के वन प्रेमियो ने वन विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही अवैध बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई तो सदर चौराहे पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उनका कहना है कि जंगलों की जैव विविधता और वन संपदा की रक्षा करना वन विभाग की जिम्मेदारी है, लेकिन खुलेआम हो रहे इस कारोबार पर चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। अब बड़ा सवाल यह है कि जब सब्जी मंडी में खुलेआम वन उत्पाद बिक रहा है, तो आखिर वन विभाग की निगाह वहां तक क्यों नहीं पहुंच रही? क्या वृक्षारोपण की व्यस्तता अवैध कारोबार पर कार्रवाई न करने का पर्याप्त कारण हो सकती है, या फिर इसके पीछे कोई और वजह है?

## स्नातक प्रथम सेमेस्टर की रिक्त सीटों पर प्रवेश का एक और अवसर, 30 जुलाई तक होंगे ऑफलाइन प्रवेश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के नवीनतम निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश से वंचित रही छात्राओं को अब रिक्त सीटों पर प्रवेश का एक और अवसर प्रदान किया गया है। जिन राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न पाठ्यक्रमों की सीटें रिक्त हैं, वहां कॉमन एडमिशन फॉर्म के माध्यम से 17 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इससे वे छात्राएं भी लाभान्वित हो सकेंगी जो किसी कारणवश ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकी थीं। एसएमएम राजकीय कन्या महाविद्यालय में उपलब्ध रिक्त सीटों के अनुसार बी.ए. में 80, बी.कॉम. में 429, बी.एससी. गणित में 57, बी.एससी. जीव विज्ञान में 28 तथा बी.एससी. गृह विज्ञान में 55 सीटें उपलब्ध हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इच्छुक छात्राएं ई-मित्र से कॉमन एडमिशन फॉर्म (CAF) की हार्ड कॉपी प्राप्त कर उसके साथ 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका, मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी), चरित्र प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर आवेदन कर सकती हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि 30 जुलाई 2026 की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र आवश्यक दस्तावेजों सहित महाविद्यालय में उपस्थित होकर रिक्त सीटों पर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय, हमीरगढ़ तथा कैलाश त्रिवेदी राजकीय कन्या महाविद्यालय, गंगापुर, भीलवाड़ा में भी कला संकाय की रिक्त सीटों पर ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

## 28.79 लाख के अंत्येष्टि स्थल निर्माण में घटिया ईंटों के इस्तेमाल का आरोप, नगरवासियों ने उठाए गुणवत्ता पर सवाल

स्मार्ट हलचल



**खखरेरू/ फतेहपुर** नगर पंचायत खखरेरू के अहिल्याबाई होल्कर नगर में लगभग 28 लाख 79 हजार रुपये की लागत से बनाए जा रहे अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। नगरवासियों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी करते हुए खुलेआम घटिया गुणवत्ता की काली-पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की मजबूती और टिकाऊपन पर प्रश्नचिह्न लग गया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी जांच नहीं कराई गई तो लाखों रुपये की सरकारी धनराशि खर्च होने के बावजूद निर्माण कार्य अधिक समय तक टिक नहीं पाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार शासन की ओर से क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए इस अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक व्यवस्था सम्मानजनक और व्यवस्थित ढंग से उपलब्ध हो सके। लेकिन निर्माण शुरू होते ही गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आने लगी हैं। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा लागत कम करने के उद्देश्य से मानक के अनुरूप प्रथम श्रेणी की ईंटों के बजाय निम्न गुणवत्ता की काली-पीली ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर प्रयुक्त सामग्री को देखकर लोगों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। नगरवासियों का कहना है कि सार्वजनिक उपयोग के लिए बनने वाले इस महत्वपूर्ण निर्माण में यदि शुरू से ही मानकों की अनदेखी की गई तो भविष्य में भवन के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहेगी। उनका कहना है कि शासन विकास कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है, लेकिन यदि निर्माण एजेंसियां और ठेकेदार गुणवत्ता से समझौता करेंगे तो सरकारी योजनाओं का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए। साथ ही निर्माण में प्रयुक्त ईंट, सीमेंट, बालू तथा अन्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच कर दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों ने यह भी मांग की है कि जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य की निगरानी बढ़ाई जाए और आगे का कार्य केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप सामग्री से कराया जाए। नगरवासियों का कहना है कि सरकारी धन से बनने वाले इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि समय रहते निष्पक्ष जांच होने से न केवल निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी, बल्कि भविष्य में सरकारी परियोजनाओं में अनियमितताओं पर भी अंकुश लगेगा। इस संबंध नगर पंचायत के जेई मोहित श्रीवास्तव से बताया कि मौके पर पहुंच कर ठेकेदार को ईट बदलने व मानक अनुरूप कार्य करने के लिए कहा गया है।

## ऑपरेशन 'लंगड़ा' में मोहम्मदी पुलिस की बड़ी सफलता : मुठभेड़ में दो गोतस्कर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

स्मार्ट हलचल



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन लंगड़ा' के तहत मोहम्मदी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम से जुड़े मामले में वांछित दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे पुलिस ने तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरे आरोपी को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी रिहरिया पंकज त्रिपाठी, चौकी प्रभारी अमीननगर धनंजय शुक्ल सहित कोतवाली मोहम्मदी पुलिस के अन्य जवान शामिल रहे। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा (.315 बोर), दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त तीन चाकू, एक कुल्हाड़ी, एक लकड़ी का ठीहा (आला कत्ल) तथा एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार दोनों आरोपी गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित मामले में वांछित थे। बरामद हथियारों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई को जनपद में अपराध और गोतस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में मोहम्मदी पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु भर्ती, 26 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

### अविवाहित युवक-युवतियों के लिए सुनहरा मौका, विज्ञान के साथ कला और वाणिज्य वर्ग के अभ्यर्थी भी कर सकेंगे आवेदन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा( महेन्द्र)** भारतीय वायु सेना ने अग्निवीरवायु भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। निर्धारित योग्यता रखने वाले अविवाहित पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी वायु सेना की भर्ती वेबसाइट के माध्यम से 26 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के लिए 1 जुलाई 2005 से 1 जनवरी 2010 (दोनों तिथियां शामिल) के बीच जन्मे अभ्यर्थी पात्र होंगे। विज्ञान वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 12वीं में गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषयों के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी में भी 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। वहीं, कला एवं वाणिज्य वर्ग के अभ्यर्थी भी 12वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक होने पर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा अथवा दो वर्षीय वोकेशनल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र हैं। वायु सेना ने इच्छुक युवाओं से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते ऑनलाइन आवेदन पूरा करने की अपील की है।

# बिजली चोरों पर डिस्कॉम की कार्यवाही, 36 पर गिरी गाज, 6.97 लाख जुर्माना

### मांगली में 2.60 मेगावॉट का सोलर प्लांट शुरू

स्मार्ट हलचल



**बूंदी- जयपुर** विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डिस्कॉम) ने जिले में बिजली चोरों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। शुक्रवार को तालेड़ा और के. पाटन क्षेत्र में सतर्कता टीमों ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बिजली चोरी के 36 मामले पकड़े। इन पर करीब 6.97 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दूसरी ओर, जिलेवासियों को गुणवत्तापूर्ण बिजली मुहैया कराने के लिए 33/11 केवी मांगली जीएसएस पर 2.60 मेगावाट क्षमता का नया सोलर प्लांट भी शुरू किया गया है, जिससे 20 गांवों में वोल्टेज की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। अधीक्षण अभियंता (एसई) आर. के. बैरवा के निर्देशानुसार जिले में यह दोहरी कार्रवाई और विकास कार्य किए गए हैं। एक तरफ जहां बिजली चोरों में हड़कंप मचा रहा, वहीं ग्रामीणों को ग्रीन एनर्जी की बड़ी सौगात मिली है। विद्युत चोरी पर लगाम लगाने के लिए नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में सतर्कता (विजिलेंस) टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने विद्युत चोरी निरोधक थाना पुलिस के भारी जाप्ते के साथ उपखंड तालेड़ा और के. पाटन के विभिन्न इलाकों में अचानक दबिश दी। इस योजनाबद्ध कार्रवाई से बिजली चोरों में हड़कंप मच गया। प्रथम सतर्कता दल ने 16 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी और वीसीआर (VCR) भरी, जिन पर लगभग 2,97,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। द्वितीय सतर्कता दल ने 20 मामले पकड़े, जिन पर करीब 4,00,000 रुपये का जुर्माना आंका गया है। इस तरह कुल 36 मामलों में डिस्कॉम ने 6 लाख 97 हजार रुपये की पेनल्टी लगाई है। जिले में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के तहत 33/11 केवी मांगली जीएसएस पर 2.60 मेगावाट का नया सोलर पावर प्लांट सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। इस प्लांट के ग्रिड से जुड़ने के बाद इलाके में वोल्टेज की समस्या का स्थाई समाधान हो गया है। इस परियोजना से 4 ग्राम पंचायतों के अधीन आने वाले करीब 20 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। अब दो ब्लॉक आवर की बिजली सप्लाई में उपभोक्ताओं को भरपूर और स्थिर वोल्टेज मिलेगा। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि डिस्कॉम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को निर्बाध और अच्छी क्वालिटी की बिजली देना है। इसके लिए नए सोलर प्लांट जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किए जा रहे हैं। लेकिन, बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपभोग करें। यदि कोई बिजली चोरी करते पाया गया, तो उस पर भारी जुर्माने के साथ-साथ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चोरी रोकने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## कल्याणपुरा गांव के लाल ने बढ़ाया मान-संतराम गुर्जर ने नीट NEET-2026 में हासिल की ऑल इंडिया 6537 वीं रैंक,

### 613 अंक प्राप्त कर मेडिकल प्रवेश परीक्षा की सफलता का किया सपना साकार- कल्याणपुरा विद्यालय में शिक्षकों ने साफा व माल्यार्पण कर किया सम्मान

**शिवराज बारवाल मीना टोंक।** उनियारा उपखंड क्षेत्र की गोठड़ा ग्राम पंचायत के छोटे से गांव कल्याणपुरा के होनहार छात्र संतराम गुर्जर पुत्र कालूराम गुर्जर ने नीट हृश्थ्रञ्ज-2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संतराम ने 613 अंक प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया रैंक (ह्र) 6537 हासिल की। छात्र की इस उपलब्धि पर स्थानीय राजकीय विद्यालय कल्याणपुरा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के संस्था प्रधान रामावतार बैरवा एवं अध्यापक उमरद्दीन गौरी सहित शिक्षकों ने संतराम का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संस्था प्रधान रामावतार बैरवा ने बताया कि संतराम शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद संतराम ने कठिन परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। संतराम की इस उपलब्धि से पूरे कल्याणपुरा गांव में खुशी का माहौल है।ग्रामीणों, शिक्षकों और परिजनों ने इसे गांव के लिए गौरव का क्षण बताते हुए छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# माननीय प्रधानमंत्री ने वर्चुअली किया गंगापुर सिटी जंक्शन रेलवे स्टेशन का लोकार्पण, भव्य समारोह में उमड़ा जनसैलाब

## पंजाब के जालंधर से माननीय प्रधानमंत्री ने देशभर के 20 राज्यों के 75 अमृत भारत स्टेशनों का किया वर्चुअल लोकार्पण, सांसद, विधायक, मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

स्मार्ट हलचल






**कोटा।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित गंगापुर सिटी जंक्शन रेलवे स्टेशन आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पंजाब के जालंधर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 20 राज्यों में स्थित 75 अमृत भारत स्टेशनों के साथ राष्ट्र को लोकार्पित किया गया। लगभग 1,570 करोड़ रुपये की लागत से विकसित ये स्टेशन विश्व के सबसे बड़े स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रमों में शामिल हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर स्टेशन परिसर में आयोजित भव्य समारोह में क्षेत्र के नागरिकों, यात्रियों एवं विद्यार्थियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य के 5 एवं पश्चिम मध्य रेलवे के 6 स्टेशनों में कोटा मंडल का गंगापुर सिटी जंक्शन भी इस लोकार्पण समारोह में सम्मिलित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराते हुए माननीय सहकारिता मंत्री (प्रभारी सवाई माधोपुर) राजस्थान सरकार श्री गौतम कुमार दक,माननीय सांसद टोंक-सवाई माधोपुर श्री हरीश चंद्र मीणा, माननीय विधायक गंगापुर सिटी श्री रामकेश मीणा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। समारोह की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई, जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इसके बाद स्थानीय विद्यालयों के निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं 'गंगापुर जंक्शन-सेल्फी का टशन' सेल्फी प्रतियोगिता के विजेताओं को गणमान्य अतिथियों द्वारा मंच पर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार तत्पश्चात माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 75 अमृत भारत स्टेशनों का एक साथ लोकार्पण किया गया, जिसे स्टेशन परिसर में उपस्थित जनसमूह ने बड़े उत्साह के साथ लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा। मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पुनर्विकसित गंगापुर सिटी जंक्शन स्टेशन यात्रियों को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराएगा तथा क्षेत्रीय विकास, पर्यटन, व्यापार एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने इसे कोटा मंडल के लिए एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई दी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं जनसम्पर्क अधिकारी श्री सौरभ जैन ने बताया कि गंगापुर सिटी स्टेशन का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर लगभग 555 वर्गमीटर क्षेत्र में भवन का विस्तार एवं नवीनीकरण, 3 नए वातानुकूलित प्रतीक्षालय, 4 आधुनिक शौचालय ब्लॉक, लगभग 10,000 वर्गमीटर में विकसित सर्कुलेटिंग एरिया, लिफ्ट-एस्केलेटर सहित 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, लगभग 960 वर्गमीटर में नए प्लेटफॉर्म शेल्टर तथा लगभग 12,000 वर्गमीटर क्षेत्र में प्लेटफॉर्म सरफेसिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। स्टेशन को रैंप, टैक्टाइल पाथ, दिव्यांग अनुकूल शौचालय, व्हीलचेयर एवं सुगम पहुंच मार्ग सहित पूर्णतः दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि स्टेशन पर डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली, कोच पोजिशन डिस्प्ले बोर्ड एवं अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जिससे यात्रियों को त्वरित एवं सटीक जानकारी उपलब्ध होगी। साथ ही ऊर्जा दक्ष एलईडी प्रकाश व्यवस्था स्थापित कर स्टेशन परिसर को सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिम मध्य रेलवे स्तर पर गंगापुर सिटी जंक्शन सहित कुल 6 स्टेशनों के पुनर्विकास पर 133 करोड़ रुपये से अधिक की लागत व्यय की गई है। रेलवे प्रशासन की ओर से मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री योगेश कुमार मित्तल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी समारोह में उपस्थित रहे।

# अपर जिला एवं सेशन न्यायालय भवानी मंडी ने सुनाई

## जानलेवा हमले के 3 अभियुक्तों को 5-5 वर्ष का कठोर कारावास*की सजा




**स्मार्ट हलचल/ रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** भवानी मंडी न्यायालय ने अपने लगभग 1 वर्ष पूर्व हुए प्राण घातक हमले के प्रकरण का निस्तारण करते हुए तीन आरोपियों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया अपर लोक अभियोजक हेमराज शर्मा ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश भवानी मंडी, जिला झालावाड़ के न्यायालय ने आज थाना डग के चर्चित प्रकरण क्रमांक 228/2025 में अपना महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया।

**मामले का संक्षिप्त विवरण:**
दिनांक 7अक्टूबर 2025 को पीड़ित सुनील शर्मा पुत्र शिव लाल निवासी टोडी मोहल्ला डग, अपने मित्र के साथ बस स्टैंड से घर जा रहे थे। नूरानी मस्जिद के पास अभियुक्तगण 1. ताहिर खान उर्फ राजा, 2. साहिल खान उर्फ भूरू, 3. सोहेल खान निवासीगण मेहंदीपुरा मोहल्ला डग ने गाली-गलौच कर मारपीट की। अभियुक्त ताहिर खान ने जान से मारने की नियत से पीड़ित के चाकू घोंप दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु पहले डग अस्पताल और फिर एसआरजी अस्पताल झालावाड़ रेफर किया गया। इस संबंध में थाना डग पर BNS की धारा 109(1), 118(2), 126(2), 115(2), 352(2), 3(5) में प्रकरण दर्ज किया गया था।

**न्यायालय का निर्णय:**
दोनों पक्षों की बहस एवं अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश राजीव दत्तात्रेय ने अभियुक्तगण को दोषी पाते हुए प्रत्येक को 5-5 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है।

# अपहरण एवं मारपीट के मामले में वांछित 3 आरोपी शादाब, नईमुद्दीन ,अफरीद गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त 2 मोबाइल, 1 चाकू एवं 1 स्विफ्ट कार जब्त, प्रकरण में पूर्व में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है

स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा (IPS) ने बताया कि वृताधिकारी वृत नैनवां के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना नैनवां में दर्ज अपहरण व मारपीट के प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करते हुए वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 2 मोबाइल फोन, 1 चाकू एवं 1 सफेद रंग की स्विफ्ट कार जब्त की गई है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में इससे पूर्व भी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। फरियादी विशाल नागर आ. धनराज जाति धाकड निवासी करवर थाना करवर जिला बून्दी राज. ने एक लिखित रिपोर्ट इस आश्य की पेश की दिनांक 28.06.2026 को शाम करीब 4.30 बजे कि घटना है प्रार्थी विशाल अपने दोस्तो अविनाश आत्मज मोहनलाल निवासी करवर लोकेश आत्मज भैरूलाल जाति धाकड निवासी करवर के साथ किर्ति कॉलेज नैनवां में दस्तावेज के बारे में पुछने नैनवां आये थे प्रार्थी अपने दोस्तो के साथ मोटरसाईकिल से नैनवां से घर को वापस जा रहा था तभी बीच रास्ते में ग्राम रजलावता के पास एक सफेद कलर की स्वीफट वाहन जिसमें मुलजिम नईम आ. नामालुम निवासी टोडा पोल कोतवाल मोहल्ला नैनवां , आबिद आ. ईकबाल निवासी विवेकानन्द कॉलोनी नैनवां , शादाब मो. आ. शहजाद निवासी टोडापोल नैनवां एकराय होकर के प्रार्थी एवं उसके दोस्तो के आडे फिर गये एवं आडे फिर के प्रार्थी को चाकू दिखाकर प्रार्थी व उसके दोस्तो को सफेद कलर की स्वीफट वाहन में जबरन बैठा लिया एवं रिक्कों ऐरिया में ले जाकर प्रार्थी व उसके दोस्तो के फोन छीन लिये एवं प्रार्थी व उसके दोस्तो के साथ लात घुसो से मारपीट की वहाँ पर कुछ देर बाद अपी उम्र 22 वर्ष टोडापोल कोतवाल मोहल्ला बुलेट गाडी शादाब की लेकर आया और आदील अंसारी आ. रमजानी निवासी राजीव कॉलोनी पेशनप्रो मोटरसाईकिल लेकर आया और कोहीनूर देशवाली निवासी देईपोल चूंगी नाका नैनवां जिसके पास स्पलेण्डर मोटरसाईकिल थी यह भी वहाँ आये एवं वहाँ से प्रार्थी व उसके दोस्तो को चोधरी ढाबे पास कच्चे रास्ते पर ले जाकर प्रार्थी व उसके दोस्तो के साथ फिर से मारपीट की एंव प्रार्थी व उसके दोस्तो की विडियों बनाई एवं पैसो की मांग की एंव धमकी दी कि यह बात किसी को बताई तो तुम्हारी विडियों सोशल मिडियों पर डाल देगें। मुजजिमान ने अविनाश एवं लोकेश के मोबाईल वापस कर दिये एवं प्रार्थी विशाल का विवो वी 200 ई फोन ले गये। जिसके बाद मुझ प्रार्थी व मेरे दोस्तो को 4 घण्टे तक रोका रखा उसके बाद छोडा गया। उक्त घटना पर प्रकरण न. 200/2026 धारा 115(2) , 126(2), 308(2) , 127(2), 303(2), 140(3) बीएनएस मे दर्ज कर श्री ओमप्रकाश आरपीएस वृताधिकारी नैनवा द्वारा अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

# फायर NOC के नियम बदले. 9 मीटर ऊंचाई की अनिवार्यता खत्म, क्षमता बनेगी सुरक्षाका पैमाना, कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी भी दायरे में

स्मार्ट हलचल



**बी एम राठौर सांगोद** 17 जुलाई को राज्य सरकार में फायर, एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) की प्रक्रिया में बड़ा नीतिगत बदलाव कर सुरक्षा मानकों को भवन की ऊंचाई के बजाय उसकी वास्तविक उपयोग समता से जोड़ दिया है। यह बदलाव भारत सरकार के कम्पलायंस रिडक्शन एवं डी-रेगुलेशन फेज-2 के तहत नियमों को सरल बनाने के साथ जोखिम आधारित सुरक्षा व्यवस्था लागू करने के उद्देश्य से किया है हाल के महीनों में दिल्ली और लखनऊ में हुई अग्नि दुर्घटनाओं के बाद सरकार ने महसुस किया की आग का खतरा केवल उंची इमारतों तक सीमित नहीं है, बल्कि अधिक भीड़ वाले प्रतिष्ठानों में भी समान रूप से मोजूद रहता है। येसे में नए नियम सुरक्षा को अधिक व्यावहारिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं। आदेशों की पालना में सांगोद नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मालव के आदेशानुसार फायर टीम में फायर इंचार्ज शोभाराम मीणा, पवन कुमार सुमन,रवि सुमन अंकुश गोचर, ने सांगोद नगर में समस्त कोचिंग सेन्टर, लाईब्रेरी, I.T.I. होटल, रेस्टोरेन्ट माठ छात्रावाम, मेरिज गार्डन व जिन धर्मशाला में शादी विवाह होते है उनको 15 दिन पू ंजये नोटरीश सुचना दी गई व आज से फिर दुबारा फायर के उपकरण लगे है या नही चैक कर नोटिस दीये जा रहे है जिसमें से कुछ संस्थान तो लगभग फायर सिस्टम लगाकर फायर NOC की कार्यवाही के लिये तैयार हो गये बही कुछ के पास अभि भी 1 भी उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में राज्य सरकार की गाईड लाईन अनुसार समय पूरा होने पर जोभी कार्यबाही है, वो अमल में ली जायेगी। फायर NOC लेने की अनिवार्यता राज्य सरकार के नई नियम के अनुरूप रहेगी .. (किन भवनों में अनिवार्य है NOC क्या है नियमों का दायरा। _ रियासी श्रेणी:- 9 मीटर से अधिक उंचाई वाले या 250 वर्गमीटर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के सभी होस्टल, रेस्टोरवट, गार्डन और बार भी इसके दायरे में आयेगे, धर्मशाला गेस्ट हाउम और अन्य आवासीय प्रतिष्ठानो में 9 मीटर या उससे अधिक उंचाई अथवा 500 वर्ग मीटर से अधिक निर्मित क्षेत्र होने पर नियम लागू होगा शेक्षणिक संस्थान : 9 मीटर से उचे या 500 वर्गमीटर से बड़े कोचिंग को NOC अनिवार्य होगी 50 से अधिक विद्यार्थीयो वाले सभी कोचिंग सेन्टर व लाइब्रेरी भी नियमो के दायरे में शामिल किए गये है।

# वैर में भगवान सीताराम जी की पुरानी रीति रिवाज से निकली भव्य रथयात्रा

## जनकपुरी मंदिर की तर्ज पर सीताराम जी को कराया कस्वा वैर में भ्रमण

**शशिकांत शर्मा स्मार्ट हलचल** वैर कस्वा वैर में मैं गुरुवार को भगवान सीताराम जी की पुरानी रीति रिवाज से रथ यात्रा निकाली गई , डॉक्टर आचार्य सारथी शर्मा के नेतृत्व में पंडित शिव शंकर शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना का रथ यात्रा शुरू करने से पहले परंपरा अनुसार मंदिर की दीवार पर शगुन का गोला फेंका गया। जिसे श्रद्धालुओं ने प्रसादी के रूप में ग्रहण किया यात्रा पुराने रीति रिवाज से आधार पर निकाली गई ।जिसमें रथ यात्रा को भगवान को ट्रैक्टर ट्रॉली में रथ को धारण कर भगवान सीताराम राम, लक्ष्मण ,सीता, हनुमान, विराजमान कर सजाया गया ।जिसमें सभी कस्बा वासियों का सहयोग रहा इसमें आम जनता को यात्रा को एक डोरी से खींचने के लिए भगवान सीताराम जी पुरानी परंपरा के मानते हुए रथ यात्रा आषाढ शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन निकल गई इस दिन भगवान सीताराम जी महाराज यात्रा में विराजमान होकर कस्बा वैर में भ्रमण करने के लिए निकले ,इसके दर्शन एवं स्वागत के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाजारों में निजी स्थान पर जगह-जगह प्रसादी आरती पूजा अर्चना की प्रसादी चढ़ाते हुए बहुत से नागरिकों ने चराने पैर चलते रथ यात्रा को खींचते हुए बाजार में जगह आमरस, जलपान, शरबत नींबू शिकंजी, बूआ ,सब्जी ,केल सूजी का हलवा आइसक्रीम, आदि की व्यवस्थाएं जनता द्वारा पहले से भी काफी अच्छी और अधिक मिली इस दिन सीताराम जी के मंदिर के पास बाहर की दुकान मेले की में लगा करती थी इस वर्ष एक भी दुकान मेले के रूप में नहीं लगी। पहले जमाने में फुलवारी एवं तालाब में रथ यात्रा का प्रसिद्ध मेला भी लगता था ।इस समय नहीं लगता इसलिए यह जो धार्मिक कार्यक्रम है मेले हैं भगवान सीताराम जी की यात्रा मंदिर से गोपाल जी के मंदिर पुराना थाना में बाजार अनाज मंडी कोलीवाड़ा बयान गेट विचपूरी पट्टी होते हुए नया बस स्टैंड गेट स्थानीय सीताराम जी के मंदिर पर पुनः प्रस्थान किया ।



# किसान और आमजन की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

## 24 को जिला कलेक्ट्रेट पर होगा विशाल प्रदर्शन, डोटासरा जूली व भंवर जितेंद्र भाग लेंगे

## सरकार की तानाशाही नीतियों से किसान व आमजन त्रस्त -गुंजल

स्मार्ट हलचल




**बूंदी** - किसानों और आम जन की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा की अध्यक्षता में रणजीत निवास में संपन्न हुयी।बैठक में आगामी 24 जुलाई को किसानों व आमजन की समस्याओं को लेकर बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर विशाल प्रदर्शन व पैदल मार्च करने का निर्णय लिया गया।

**सरकार की तानाशाही नीतियों से किसान व आमजन त्रस्त -गुंजल**
बैठक को संबोधित करते हुये कोटा बूंदी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की तानाशाही नीतियों से किसान और आमजन त्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसानो व आम जन को भारी बिजली कटौती के कारण पूरी बिजली नहीं मिल रही है। किसानों को खाद के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ रही है वहीं सिंचाई के लिये नहरों का पानी अभी तक टेल क्षेत्र तक नहीं पहुंचा है। राज्य सरकार ने केडीए के माध्यम से किसानों को उजाड़ने का काम किया है। उन्होंने बूंदी जिले के सभी किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आगामी 24 जुलाई को बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर जन समस्याओं के समाधान के लिये जिला जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित विशाल प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान किया।

**डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस में नवीन ऊर्जा का संचार हुआ- महावीर मीणा**
बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा ने कहा कि प्रदेश में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं मे नवीन ऊर्जा का संचार हुआ है।उन्होने कहा कि बूंदी जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार की तानाशाही नीतियों का डटकर विरोध करेंगे।

**डोटासरा,भंवर जितेंद्र व जूली करेंगे संबोधित**
जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा ने बताया कि आगामी 24 जुलाई को बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से किसान और आमजन की समस्याओं को लेकर विशाल प्रदर्शन व सभा व पैदल मार्च का आयोजन होगा। मीणा ने बताया कि प्रदर्शन व सभा को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, एआईसीसी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह,राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली,एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर,कोटा बूंदी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रहलाद पीसीसी महासचिव व बूंदी जिले के प्रभारी डॉ विजेंद्र सिंह सिद्धू, सह प्रभारी वीरेंद्र सिंह झाला, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, हिंडोली विधायक अशोक चांदना,केशवरायपाटन विधायक सीएल प्रेमी संबोधित करेंगे।

**बैठक को इन्होंने किया संबोधित**
बैठक को आरसीए उपाध्यक्ष राजकुमार माथुर, पीसीसी सचिव गुडडू कादरी, आनंदीलाल मीणा,राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश शर्मा,बूंदी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकरण मीणा,तालेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेमशंकर राठौर, हिंडोली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण बैरवा,पूर्व प्रधान मोहनलाल गुर्जर,जयकिशन मीणा, रामनारायण बैरवा,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जगरूप सिंह रंधावा, बाबूलाल वर्मा, पूर्व डीसीसी महासचिव इश्तियाक अली, एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोडूलाल वर्मा, ओबीसी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बृजमोहन यादव,एडवोकेट शांतिलाल मीणा,मेघवाल समाज के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष रामलाल मेघवाल, बूंदी पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा आदि ने सम्बोधित किया। संचालन पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतराम मीणा ने किया।

### 24 घंटे तक सरकारी जमीन पर गरजती रही जेसीबी!

# सूचना के बावजूद नहीं रुका अवैध खनन, जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल

## जड़ौरा में सरकारी भूमि से मिट्टी निकाले जाने का मामला, वायरल वीडियो के बाद जांच की बात; ग्रामीणों ने निष्पक्ष कार्रवाई की उठाई मांग





स्मार्ट हलचल

**गोला गोकरणनाथ खीरी।** कुंभी गोला ब्लॉक की ग्राम पंचायत जड़ौरा में सरकारी भूमि पर कथित रूप से 24 घंटे तक लगातार अवैध खनन किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिन-रात जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई की गई और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से उसे लगातार ढोया जाता रहा। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन बड़ी पानी की टंकी के समीप 16 जुलाई को सुबह से लेकर पूरी रात तक जेसीबी मशीनें चलती रहीं। सरकारी भूमि से निकाली गई मिट्टी गांव में बनी सरकारी दुकानों के सामने डलवाई गई, जबकि इन दुकानों की नीलामी पहले ही हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरे दिन और रात खुलेआम खनन होता रहा, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा। ग्रामीणों और पंचायत से जुड़े एक कर्मी ने आरोप लगाया कि यह खनन ग्राम प्रधान की ओर से कराया गया। हालांकि, इस आरोप की अभी तक किसी सक्षम अधिकारी द्वारा पुष्टि नहीं की गई है। ग्रामीणों के मुताबिक, 16 जुलाई को ही मामले की सूचना खनन अधिकारी आशीष कुमार सिंह को दे दी गई थी। उनका कहना है कि अधिकारी ने बताया था कि सूचना तहसीलदार को भेज दी गई है और आगे की कार्रवाई राजस्व विभाग करेगा। इसके बावजूद मौके पर कोई टीम नहीं पहुंची और कथित अवैध खनन जारी रहा। बाद में 17 जुलाई को दोबारा पूछने पर खनन अधिकारी ने कहा कि यदि उन्हें सटीक लोकेशन उपलब्ध कराई जाती है तो वे मौके पर जाकर कार्रवाई करेंगे। वहीं, कुंभी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी महावीर प्रसाद ने मामले से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि इस खनन का उनके कार्यालय से कोई संबंध नहीं है और उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। दूसरी ओर, तहसीलदार गोला अरुण कुमार ने बताया कि उन्हें गांव के एक व्यक्ति से मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने लेखपाल को मौके पर भेजकर जांच कराने की बात कही। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जांच के निर्देश दिए गए, तब तक सरकारी भूमि से बड़ी मात्रा में मिट्टी निकाली जा चुकी थी। इधर, ग्राम पंचायत जड़ौरा के प्रधान पति आशीष मिश्रा ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि उन्हें खनन की कोई जानकारी नहीं है और जिस समय खनन होने का दावा किया जा रहा है, उस समय वह किसी आवश्यक कार्य से गांव से बाहर थे। अब पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि संबंधित अधिकारियों को समय रहते सूचना मिल गई थी, तो कथित अवैध खनन को तत्काल क्यों नहीं रोका गया? विभागों के अलग-अलग बयान प्रशासनिक समन्वय पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकारी भूमि पर हुए कथित अवैध खनन की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों की जांच की जाए तथा यदि अनियमितता सिद्ध होती है तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**मुख्यमंत्री की बैठक** हर परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन रहे तैयार

# मानसून सीजन में कोई ढिलाई नहीं चलेगी, लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही:मुख्यमंत्री



जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मानसून को देखते हुए प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहे। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में आमजन को असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मानसून के मद्देनजर सभी आवश्यक कार्यों में कोई ढिलाई नहीं बरती जाए तथा बारिश उपरांत सड़क मरम्मत सहित किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री मानसून के मद्देनजर की जा रही तैयारियों एवं वर्षा उपरांत सड़क मरम्मत कार्यों को लेकर बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में नालों की शत-प्रतिशत सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी नाले अवरुद्ध नहीं रहने चाहिए, ताकि जल निकासी में बाधा अथवा ओवरफ्लो के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त होने की स्थिति नहीं बने। उन्होंने निर्देश दिए कि राजकीय भवनों की छतों पर बने नालों की सफाई सुनिश्चित कराई जाए, ताकि जलभराव से भवनों को नुकसान न पहुंचे तथा इससे फैलने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम भी हो सके। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक सभी तैयारियां समय पूर्व कर ली जाए। इसके लिए अस्पतालों में दवाइयों की पर्याप्त आपूर्ति, आपातकालीन चिकित्सा सहायता की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी विभागों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इन कार्यों में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाई जाने पर जवाबदेही तय होगी और ऐसे



अधिकारियों एवं कार्मिकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आपदा राहत कार्यों के लिए अलर्ट मोड पर कार्य करने तथा नियंत्रण कक्षों के सुचारू संचालन के लिए निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने आपदा एवं बाढ़ प्रबंधन, बांधों की भराव स्थिति एवं क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों की मरम्मत के कार्यों की योजना को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने पेयजल से संबंधित सभी बांधों का सूचीकरण करने तथा ओवरफ्लो होने वाले पानी के अधिकतम उपयोग के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।



*प्रो. सबाइन ने राजस्थान के सुशासन एवं निवेश-अनुकूल प्रयासों की सराहना की*

## डी-रेगुलेशन सुधारों से निवेश,व्यापार सुगमता और सुशासन को मिली नई गति:मुख्य सचिव

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शासन सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जर्मनी के पॉट्सडैम विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान, प्रशासन एवं संगठन विभाग की प्रोफेसर डॉ. सबाइन कुहलमैन को राजस्थान में डी-रेगुलेशन एण्ड कम्प्लायंस रिडक्शन के संबंध में किये गए प्रयास, नवाचार और सफलता की जानकारी दी, राज्य के डी रेग्यूलेशन, संरचना एवं अन्य जानकारियों के बारे में चर्चा की। चर्चा में ÷इम्पैक्ट असेसमेंट स्टडी ÷ कम्प्लायंस रिडक्शन एंड डी-रेगुलेशन (प्रथम चरण) की मासिक प्रगति प्रतिवेदन पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्य सरकार के राजनिवेश पोर्टल की कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य सचिव ने बताया कि यह पोर्टल राज्य में उद्योगों एवं निवेशकों को विभिन्न विभागों की अनुमतियां, स्वीकृतियां एवं सेवाएं एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराकर निवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बना रहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि डी-रेगुलेशन प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य राज्य में व्यापार सुगमता (Ease of Doing Business) को बढ़ावा देना तथा उद्योगों एवं नागरिकों पर अनावश्यक प्रशासनिक अनुपालन का बोझ कम करना है। इसके तहत विभिन्न विभागों के कानूनों, लाइसेंसों, अनुमतियों तथा अनापत्ति प्रमाण-पत्रों की समीक्षा कर प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी, समयबद्ध एवं निवेश-अनुकूल बनाया जा रहा है। उन्होंने उद्योग, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवासन (यूडीएच), श्रम सहित विभिन्न विभागों को नियामकीय सुधारों के बारे में भी चर्चा की।

**न्यूज इन बॉक्स**



## उप मुख्यमंत्री ने किया पोस्टर का विमोचन

जयपुर(नि.सं.)। उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा ने राहवीर सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रादेशिक परिवहन अधिकारी श्री ज्ञानदेव विश्वकर्मा, आधार फाउंडेशन के नारायण चौधरी, प्रीति पामेचा व अनिल सहदेव उपस्थित रहे।

नारायण चौधरी ने बताया कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, आधार फाउंडेशन ट्रस्ट, उदयपुर एवं गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 23 जुलाई को तीसरे राहवीर सम्मान समारोह एवं हेलमेट डे 2026 का आयोजन गीतांजलि मेडिकल कॉलेज के नर्मदा ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं में मानवता की मिसाल बनने वाले उन गुमनाम नायकों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होने विभिन्न दुर्घटनाओं में घायल लोगों को अस्पताल पहुचा कर उनकी जान बचाने में सहयोग किया।



**विदेश संपर्क-स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस**

## सुरक्षित तरीके से विदेश जाने और फर्जी एजेंटों से बचाव पर हुआ मंथन

जयपुर(नि.सं.)। विदेश मंत्रालय और राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विदेश संपर्क-स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस में भारतीयों के सुरक्षित तरीके से विदेश जाने और फर्जी एजेंटों से बचाव पर विचार- विमर्श किया गया। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में गुरुवार को आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्रालय के अधिकारियों, राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों के एवं जिला स्तर के अधिकारी, राजस्थान पुलिस के अधिकारी, भर्ती एजेंट तथा अन्य संबंधित हितधारकों ने राजस्थानी विदेश सुरक्षित जाएं,




प्रशिक्षित जाएं विषय पर गहन विचार-विमर्श किया। इस दौरान उद्घाटन एवं समापन सत्रों के साथ ही दो विशेष विषयगत सत्र आयोजित किए गए। समापन सत्र में दिनभर की चर्चाओं के प्रमुख निष्कर्ष एवं भावी कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने उद्घाटन सत्र में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों से संवाद बढ़ा है। जब प्रधानमंत्री विदेश जाते हैं तो वहां बसे भारतीयों की जोश भरी तस्वीरें सामने आती हैं। कोरोना के समय विदेश में बसे भारतीयों को अपने वतन लाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वंदे भारत मिशन संचालित किया गया, जो प्रवासियों के प्रति भारत सरकार के सकारात्मक दृष्टिकोण का उदाहरण है।

**पांचना बांध पर जल निकासी तंत्र का तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न**

## कमांड क्षेत्र की नहरों, लिफ्ट प्रणाली एवं गंभीरी नदी बहाव क्षेत्र के गेटों का किया गया ट्रायल



जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में पांचना बांध से सिंचाई जल निकासी की तैयारियों के क्रम में पांचना बांध पर जल निकासी तंत्र का व्यापक तकनीकी परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान कमांड क्षेत्र की नहरों में पानी छोड़ने वाले स्लूस गेटों का सफलतापूर्वक ट्रायल किया गया। इसके साथ ही गैर-कमांड क्षेत्र के लिए निर्मित लिफ्ट सिंचाई प्रणाली का भी सफल परीक्षण किया गया। इस अवसर पर कमांड एवं पाँचना गुडला संघर्ष समिति के सदस्यों ने 20 साल से चली आ रही समस्या का सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण समाधान के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हार्दिक आभार व्यक्त किया। संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंचाई जल निकासी से पूर्व सभी तकनीकी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से दुरुस्त एवं सुरक्षित सुनिश्चित की जाएं ताकि किसानों को निर्बाध रूप से सिंचाई जल उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान बांध के बहाव क्षेत्र में गंभीरी नदी की ओर जल निकासी के लिए स्थापित गेटों की भी तकनीकी जांच एवं परीक्षण प्रक्रिया पूर्ण की गई।



## वित्तीय समावेशन से आर्थिक मजबूती का मार्ग होगा प्रशस्त -सहकारिता मंत्री

जयपुर(नि.सं.)। सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने जयपुर के वैशाली नगर में जना स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति के लिए मजबूत और समावेशी बैंकिंग व्यवस्था बेहद आवश्यक है, समावेशन से ही आर्थिक मजबूती का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं के विस्तार से व्यक्ति, परिवार, एंटरप्रेन्योर और छोटे कारोबारियों की औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच बेहतर होगी और वे अपनी दैनिक एवं व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार ऋण सुविधायें प्राप्त कर सकेगें। दक ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं के विस्तार से बचत की संस्कृति विकसित होती है और इससे व्यक्ति अपनी भविष्य के लिये बेहतर आर्थिक परिवेश का निर्माण कर सकता है। इस अवसर पर जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के हेड-ब्रांच बैंकिंग एवं चीफ मार्केटिंग ऑफिसर श्री श्रीनिवास मूर्ति ने कहा कि इस नई शाखा के माध्यम से हम स्थानीय समुदाय को सुविधाजनक, भरोसेमंद बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।



## अवैध-खनन से बने गड्ढे में डूबने से चचेरे-भाइयों की मौत

**एक का पैर फिसला तो दूसरा बचाने बचाने कूदा था, एक घंटे बाद निकाले जा सके शव**

बाड़मेर(वि.सं.)। बाड़मेर में अवैध खनन से बने गहरे गड्ढे में पैर फिसलने से एक भाई गिर गया, उसे डूबता देख दूसरा भाई बचाने कूदा। मौके पर मौजूद तीसरे साथी ने शोर मचाया, लेकिन तब तक दोनों चचेरे भाई डूब चुके थे। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सेना को सूचना दी। एक घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोनों चचेरे भाइयों को बाहर निकाला जा सका। उन्हें जिला हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना बाड़मेर जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्र के दरूड़ा गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के पास संचालित स्टोन क्रेशरों द्वारा अवैध खनन किया जाता है।

**पौधारोपण कर जियोटैगिंग से सुनिषि्चत करें पूर्ण पारदर्शिता**

## जयपुर में मिशन हरियालो राजस्थान को दें गति: जिला कलक्टर



जयपुर(नि.सं.)। मिशन हरियालो राजस्थान की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिला कलक्टर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जयपुर जिले को 66 लाख 82 हजार 538 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है उन्होंने पौधारोपण में प्रगति लाते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को मानसून के दौरान लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण की कार्यवाही करने के निर्देष प्रदान किए हैं। जिला कलक्टर ने जयपुर विकास प्राधिकरण को जयपुर के आउटर रिंग रोड़ पर दोनों तरफ व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने के निर्देष प्रदान किए हैं वहीं उन्होंने राजस्थान आवासन मण्डल के अधिकारियों को भी उनके क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मानसून के दौरान पौधारोपण शहर को हरा-भरा करने के निर्देष दिए हैं। जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों एवं आमजन से मानसून के दौरान जिले में पौधारोपण कर अनिवार्य रूप से उसकी जियोटैगिंग हरियालो राजस्थान मोबाइल एप पर करने के लिए कहा है। इस दौरान सीईओ जिला परिषद् प्रतिभा वर्मा, उपवन संरक्षक वी केतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम राजीव द्विवेदी, सहित संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## जालोर में आंगनबाड़ी केंद्रों पर तालाबंदी

**महिला कार्यकर्ताओं का धरना 17वें दिन भी जारी, बोलीं- ग्रेच्युटी भुगतान समेत सभी मांगें पूरी की जाएं**

जालोर(वि.सं.)। जालोर में 11 सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी महिला कार्मिकों का धरना शुक्रवार को 17वें दिन भी जारी है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर तालाबंदी की गई है। महिलाओं ने कहा कि प्रशासन काम पर लौटने के लिए दबाव बना रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जशोदा ने बताया कि मानदेय बढ़ाने सहित अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी महिला कार्मिकों का धरना जारी है। महिलाओं ने कहा कि तीन दिनों से सभी केंद्रों पर तालाबंदी की गई है और महिलाएं हड़ताल पर हैं, इसलिए कोई भी काम पर नहीं जा रही है। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं पर दबाव बनाया जा रहा है।

**स्नेक रेस्क्यू कार्यशाला का आयोजन**

## राजस्थान में पाए जाने वाले सर्पों की पहचान एवं व्यवहार के संबंध में कार्यशाला आयोजित



जयपुर(नि.सं.)। उप वन संरक्षक जयपुर वी. केतन कुमार, के निर्देशन में स्नेक रेस्क्यू कार्यशाला का आयोजन पक्षीघर नींदड़ बेनाड़ में किया गया। कार्यशाला में होप एंड बियॉन्ड फाउंडेशन के डॉ. जॉय गार्डनर व उनकी टीम द्वारा मुख्यतः राजस्थान प्रदेश में पाए जाने वाले प्रजाति के सर्पों की पहचान तथा व्यवहार के बारे में बताया गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी वन अधिकारियों और वनकर्मियों को सर्प पकड़ने और रेस्क्यू करने का तरीका सिखाया गया। इस कार्यशाला लेखराम, सुलोचना चौधरी, सहायक वन संरक्षक, जयपुर, क्षेत्रीय वन अधिकारी आमेर जयपुर बृजपाल सिंह व वनमण्डल जयपुर के समस्त रेंजों के वनकर्मी उपस्थित रहे।

**राजस्थान पुलिस का बड़ा अभियान** डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में महिला सुरक्षा संकल्प की धूम

## 1.5 लाख महिलाओं से सीधा संवाद किया, उत्कृष्ट कार्य के लिए 1588 महिला वॉलंटियर्स सम्मानित

जयपुर(नि.सं.)। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में महिला सुरक्षा संकल्प अभियान अत्यंत प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के तहत 1 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक चलने वाले इस राज्यव्यापी अभियान के माध्यम से राजस्थान के सभी पुलिस जिलों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण



अभियान के सफल और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीना तथा सिविल राइट्स शाखा से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नविता खोखर को राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो सभी जिलों से समन्वय करके गतिविधियां आयोजित करवा रही है।

अभियान के तहत पूरे राजस्थान में जिला स्तर पर एक व्यापक महा-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 1.5 लाख महिलाओं एवं बालिकाओं की ऐतिहासिक भागीदारी दर्ज की गई।

**1,588 महिला वॉलिंटियर्स का हुआ सम्मान**

महिला सुरक्षा को समाज का साझा दायित्व बनाने और इस दिशा में धरातल पर असाधारण प्रयास करने वाली 1,588 उत्कृष्ट महिला वॉलंटियर्स को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

एमओयू साइन

# कृषि विभाग और टैफे जेफ़ार्म सर्विसेज के बीच एमओयू साइन

### किसानों को मिलेंगे किराए पर आधुनिक कृषि यंत्र



जयपुर(नि.सं.)। राज्य के कृषि विभाग और टैफे-जेफ़ार्म सर्विसेज के मध्य गुरुवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। इस साझेदारी का उद्देश्य राज्य में कृषि यंत्रीकरण को मजबूत करना और विशेष रूप से छोटे एवं सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि मशीनरी उपलब्ध कराना है।



इस सहयोग के माध्यम से किसान जेफ़ार्म सर्विसेज के डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरण आसानी से किराए पर ले सकेंगे, जिससे खेती की लागत कम होगी और उत्पादकता बढ़ेगी।

**समझौते की मुख्य विशेषताएं:** जेफ़ार्म सर्विसेज प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिना किसी अतिरिक्त सेवा शुल्क के ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण किराए पर उपलब्ध कराए जाएंगे। जेफ़ार्म सर्विसेज प्लेटफॉर्म को राज किसान साथी पोर्टल के साथ एकीकृत किया जाएगा ताकि किसानों को डिजिटल माध्यम से निर्बाध सेवाएं मिल सकें। फसल चक्र के पूरे चरण – भूमि तैयारी, बुआई, कटाई एवं पोस्ट-हार्वेस्टिंग – में यंत्रीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। किसानों, कस्टम हायरिंग सेंटर्स (सीएचसी), ट्रैक्टर मालिकों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को प्लेटफॉर्म पर शामिल कर कृषि यंत्र किराया इकोसिस्टम को मजबूत किया जाएगा। किसान जागरूकता कार्यक्रम, प्रदर्शन, किसान गोष्ठियां एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भुसावर कृषि महाविद्यालय को मिली नई पहचान, राज्यपाल ने किया नवीन भवनों का लोकार्पण

# राज्यपाल विद्यार्थियों से बोले नौकरी नहीं, रोजगार सृजित करने की सोच रखें

### कृषि शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने का किया आह्वान



जयपुर/भरतपुर(नि.सं.)। राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर की भरतपुर जिले मे अधीनस्थ इकाई कृषि महाविद्यालय, भुसावर में नवनिर्मित प्रशासनिक एवं अकादमिक भवन, छात्रावास, कन्या छात्रावास एवं कैंटीन का भव्य लोकार्पण किया। राज्यपाल बागडे ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है और कृषि विश्वविद्यालय किसानों के भविष्य को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक भवन तभी सार्थक होंगे, जब यहां से निकलने वाले विद्यार्थी ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से समाज और कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, सहनशीलता और दृढ़ संकल्प के



साथ आगे बढ़ने तथा रोजगार तलाशने के बजाय रोजगार सृजित करने वाला बनने का आव्हान किया। राज्यपाल ने कृषि शिक्षा से प्राप्त वैज्ञानिक जानकारी को गांव-गांव तक पहुंचाने पर बल देते हुए कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक खेती से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने स्टार्टअप, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि भुसावर क्षेत्र उद्यानिकी उत्पादन में अग्रणी है और यहां आम, नींबू तथा अमरूद का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। उन्होंने किसानों से मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता सुरक्षित रहेगी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलेगा। समारोह की शुरुआत वृक्षारोपण और नवीन भवनों के लोकार्पण के साथ हुई। इसके बाद राज्यपाल ने भवनों का निरीक्षण किया तथा महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित 'भुसावर एट ए ग्लांस' का विमोचन किया।

राजस्थान में डिजिटल शिक्षा को मिलेगी नई दिशा

# शिक्षा विभाग और पिरामल फाउंडेशन के बीच हुआ महत्वपूर्ण एमओयू

### पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से डिजिटल शिक्षा होगी मजबूत



जयपुर(नि.सं.)। राज्य में विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को शासन सचिवालय में शिक्षा विभाग और पीरामल फाउंडेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजेश यादव की अध्यक्षता एवं समग्र शिक्षा की राज्य परियोजना निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत पिरामल फाउंडेशन टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के रूप में काम कर राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग आधारित डिजिटल शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। साथ ही यह पहल बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, छात्रवृत्ति संबंधी योजनाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुगम बनाने में मदद करेगी। इस एमओयू का उद्देश्य प्रदेश की स्कूली शिक्षा प्रणाली को नवीन तकनीकीयुक्त और भविष्योन्मुख जैसे महत्वपूर्ण सुधार करना है। इसके जरिए कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम में उल्लेखनीय सुधार लाना और पीएएल डैशबोर्ड के माध्यम से डेटा और डेटाबेस गवर्नेंस को भी पहले से कहीं अधिक मजबूत और व्यवस्थित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एडटेक (एजूकेशन टेक्नोलॉजी) आधारित विशेष कार्यक्रमों द्वारा शिक्षकों और तकनीकी सहयोगियों का निरंतर क्षमता संवर्धन भी किया जाएगा, जिससे राज्य के प्रत्येक विद्यार्थी तक गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और व्यक्तिगत डिजिटल शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित हो सके।

न्यूज़ ब्रीफ

### कृषि विभाग में भर्ती प्रक्रिया को मिली रफ्तार

## 600 अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन 20 से 23 जुलाई तक

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान कृषि विभाग विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। विभाग द्वारा 20 जुलाई से 23 जुलाई, 2026 तक राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा, कृषि अनुसंधान अधिकारी एवं सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं मूल दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सहायक कृषि अधिकारी के 370, सांख्यिकी अधिकारी के 59, कृषि अनुसंधान अधिकारी के 73 तथा सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी के 98 अभ्यर्थियों सहित कुल 600 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

## आठ बांधों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्यों के लिए लगभग 2.81 करोड़ रु.की संशोधित वित्तीय स्वीकृति जारी

जयपुर(नि.सं.)। विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के अंतर्गत जिला परिषद जयपुर द्वारा जिले के आठ बांधों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों के लिए कुल 280.48 लाख रु. (लगभग 2.81 करोड़ रु.) की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इन कार्यों से वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता में सुधार होगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद जयपुर प्रतिभा वर्मा ने बताया कि अगर सागर (मौजमाबाद), बाडसोलीक्यान (मौजमाबाद), बेनीखेड़ा-रहलाना (दूदू), दांतली (आंधी), हरसोली (दूदू), जैतपुरा (सांभरलेक), नीमला (आंधी) तथा श्यामपुरा बांधों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों के लिए संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई हैं।

# राज्यपाल से केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव की मुलाकात

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से लोकभवन में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने मुलाकात की। राज्यपाल बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।



बुलेट-ट्रेन प्रोजेक्ट

# बुलेट-ट्रेन प्रोजेक्ट लेट होने से जापान के पूर्व मंत्री नाराजः कहा- हमने पूरी मेहनत की लेकिन भारतीय मंत्री का रवैया खराब

टोक्यो। भारत-जापान के बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर जापान के पूर्व न्याय मंत्री हिदेकी माकिहारा ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर पोस्ट कर लिखा कि प्रोजेक्ट के लेट होने की सबसे बड़ी वजह




भारतीय मंत्री का रवैया रहा। माकिहारा ने कहा कि वे खुद इस प्रोजेक्ट से जुड़े रहे हैं और जापानी टीम ने पूरी मेहनत से काम किया, लेकिन उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिले। उनके मुताबिक, भारतीय पक्ष ने कई बार किए वादे पूरे नहीं किए। समझौते किए, फिर उनसे पीछे हट गए। आखिरी समय तक अपने हिसाब से शर्तें बदलते रहे। इसी वजह से बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पाया।

**'प्रधानमंत्री के दौरे से भी कोई नतीजा नहीं निकला'**

माकिहारा के मुताबिक, प्रधानमंत्री के दौरे से भी कोई नतीजा नहीं निकला। दरअसल, जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची 1-3 जुलाई 2026 में भारत दौरे पर आई थी। इस दौरान दोनों देशों ने 129 समझौतों का ऐलान किया था।

सैनिक कल्याण विभाग की बैठक

# शहीद स्मारकों की देखभाल के लिए लागू करें मॉडल : भजनलाल शर्मा





जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सैनिक कल्याण विभाग की बैठक में अधिकारियों को शहीद परिवारों, पूर्व एवं सेवारत सैनिकों से जुड़े विषयों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक राष्ट्र के प्रति समर्पण के प्रतीक हैं। सेवा से निवृत्त होने के बाद भी वे सामाजिक कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना की वीर गाथाओं और शौर्य के प्रतीकों से आमजन को रूबरू कराने के योजना बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने शहीद स्मारकों की समुचित देखभाल करने के साथ ही प्रदेशभर में स्मारकों का एकरूपीय मॉडल विकसित करने के लिए भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद परिवारों, पूर्व एवं सेवारत सैनिक के साथ हर परिस्थिति में खड़ी है। उनका सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करने के क्रम में विभिन्न योजनाओं को गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को सैनिक कल्याण विभाग से संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर सुरेन्द्र सिंह और रैक्सको के प्रबंध निदेशक मेजर जनरल विजय सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी।



## मानसून सत्र 20 जुलाई से, सरकार 7 बिल लाएगी

### वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदे पर सख्ती की तैयारी

नई दिल्ली(एजेंसी)। 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के लिए सरकार ने एजेंडा तय कर लिया है। लोकसभा में 7 बिल पेश किए जाएंगे। इनमें वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदा कानून में संशोधन से जुड़े विधेयक भी शामिल हैं। बिलों की अस्थायी सूची में अभी किसी भी संविधान संशोधन बिल जैसे परिसीमन या नारी संशोधन का जिक्र नहीं है। 13 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र में कांग्रेस समेत विपक्षी दल NEET-UG पेपर लीक, अन्य भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, अयोध्या राम मंदिर दान विवाद, E20 ईंधन और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं।



## सुप्रीम कोर्ट बोला- एसआईआर से नाम कटने पर नागरिकता नहीं जाती

### बंगाल सरकार-ईसी को नोटिस; योजनाओं का लाभ न रोकने वाली याचिका पर मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट से बाहर किए गए लोगों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट में से नाम हटने से किसी की नागरिकता नहीं जाती है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें मांग की गई है कि बंगाल में जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के कारण कट गए हैं उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना बंद नहीं होना चाहिए। साथ ही नागरिकता पर अंतिम फैसला होने तक सभी सुविधाएं मिलती रहनी चाहिए। इस मामले में चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

## हरियाणा के डबवाली में राजस्थान पीसीपीएनडीटी टीम का डिकॉय ऑपरेशन,भ्रूण लिंग परीक्षण गिरोह का शातिर दलाल गिरफ्तार

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान पीसीपीएनडीटी टीम ने ऑपरेशन अकड़ तोड़ के तहत हरियाणा के डबवाली में बड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रूण लिंग परीक्षण गिरोह से जुड़े एक शातिर दलाल राकेश कुमार को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि आदतन अपराधी राकेश कुमार पूर्व में भी पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत पकड़ा जा चुका है। एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ. जोगाराम ने बताया कि पीसीपीएनडीटी टीम पिछले छह माह से आरोपी राकेश की गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए थी। यह गिरोह लंबे समय से



राजस्थान और हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय था। आरोपी दलाल हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और बीकानेर से गर्भवती महिलाओं को हरियाणा ले जाकर यह कार्य करता था। उन्होंने बताया कि सुनियोजित रणनीति के तहत गर्भवती महिला को डिकॉय ग्राहक बनाकर दलाल से संपर्क किया गया। दलाल ने भ्रूण लिंग परीक्षण के एवज में राशि रु. 36 हजार 500 रुपए की मांग की, जिसके बाद महिला को हरियाणा के डबवाली स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। मिशन निदेशक ने बताया कि पूरे घटनाक्रम पर पीसीपीएनडीटी टीम लगातार नजर बनाए हुई थी। अस्पताल में सोनोग्राफी एवं अन्य जांच के बाद जैसे ही दलाल ने कथित रूप से भ्रूण का लिंग बताकर महिला को बाहर भेजा,

राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 | गृह विभाग के संयुक्त सचिव ने किया राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 का निरीक्षण

# प्रथम स्तर पर ही शिकायतों के त्वरित निस्तारण और आमजन की संतुष्टि पर विशेष जोर

**लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, जनसुनवाई कर मौके पर ही करवाया समाधान**

जयपुर(नि.सं.)। आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान के लिए राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में गृह विभाग के संयुक्त सचिव श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा ने गुरूवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आमजन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा संतुष्टि स्तर में वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**लेवल-1 पर ही निस्तारण एवं संतुष्टि सुनिश्चित करने पर बल**

संयुक्त सचिव श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान सभी स्तर के अधिकारियों को सजगतापूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विशेष रूप से लेवल-1 के अधिकारियों को पाबंद करते हुए कहा कि शिकायतों को उच्च स्तर पर प्रेषित करने के बजाय प्रारंभिक स्तर पर ही उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल समय की बचत होगी, अपितु आमजन को निर्धारित समय-सीमा के भीतर समुचित राहत भी मिल सकेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि भारत सरकार से संबंधित गृह विभाग की प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों को अविलंब संबंधित केंद्रीय विभाग को हस्तांतरित किया जाए, जिससे समन्वित एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान श्री वर्मा ने पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करते हुए दो महत्वपूर्ण मामलों में तत्काल संज्ञान लिया और मौके पर ही कार्रवाई सुनिश्चित करवाई।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com